# डेंगू पर कलेक्टर सख्त, कहा शहर वासियों के स्वास्थ्य के साथ नही होगा समझौता

**कलेक्टर सिन्हा ने निगम आयुक्त को शहर की साफ -सफाई व्यवस्था को लेकर मिशन मोड में कार्य करने के दिए निर्देश**

**रायगढ़,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर में बढ़ रहे डेंगू के प्रकरण पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ने निगम आयुक्त को कहा की शहर वासियों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है उससे हम समझौता नहीं कर सकते है। उन्होंने निगम आयुक्त को तत्काल शहर की सफाई, कचरा उठाव को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि मिशन मोड में साफ -सफाई का कार्य होना चाहिए। उन्होंने सोर्स रिडक्शन के साथ डेंगू की रोकथाम के लिए जन जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि नागरिकों का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शहर की साफ सफाई में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि कोई इसमें बाधा उत्पन्न करेगा तब उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी संभव उपाय किए जा रहे हैं। नागरिकों से भी आग्रह है कि स्वास्थ विभाग द्वारा जारी सावधानियों का पालन करें। इस दौरान उन्होंने निगम को दिन में दो बार फॉगिंग मशीन चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग से वर्तमान में जिले में डेंगू के प्रकरण की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में शहर में डेंगू के मरीज अधिक हैं, जिस पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था एवं दवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मितानिनों को एक्टिव करने के निर्देश दिए, जिससे वो घर-घर जाकर लोगों को जागरुक कर सके, डेंगू के रोकधाम संबंधी जानकारी दे सके।



**स्वास्थ्य विभाग को उपचार के लिए अतिरिक्त बेड की व्यवस्था एवं जन जागरूकता अभियान चलाने के दिए निर्देश**

अधिक प्रभावित इलाकों में चलेगा सोर्स रिडक्शन अभियान, होगी चलानी कार्यवाही कलेक्टर श्री सिन्हा ने निगम एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रुप से निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिसमें सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों को जहां डेंगू के मरीज अधिक पाए गए हैं, उन स्थानों में सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही की जाएगी। जहां पानी का ठहराव, खुली टंकी एवं जमा पाए जाने पर चलानी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने टायर बेयरिंग, कबाड़ी जहां अनावश्यक कबाड़ होते हैं, ऐसे स्थानों में विशेष निरीक्षण के निर्देश दिए हैं।

## डेंगू से बचाव के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएं

कलेक्टर श्री सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग को लोगों के बीच सफाई एवं डेंगू से रोकथाम के लिए जागरुकता अभियाम चलाने के निर्देश। उन्होंने एडवाइजरी जारी करने के साथ पाम्पलेट के माध्यम से लोगों को जागरुक करने के निर्देश दिए। इसमें उन्होंने मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शामिल करने के निर्देश दिए, जिससे वो प्रत्येक घर पहुंच कर लोगों को बेहतर ढंग से जागरुक कर सकें।

## अनुपयोगी जल भराव नहीं इसका दें प्रमाण पत्र

डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी संबंधित विभागों को डेंगू की रोकथाम के लिए मिशन मोड में जुटने के लिए कहा है। उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों को पत्र जारी करते हुए कहा है कि कार्यालय अथवा परिसर एवं कूलर इत्यादि में पानी जमा नहीं होने दें तथा इस आशय का प्रमाण पत्र दें। उन्होंने जारी पत्र के माध्यम से सभी कार्यालय प्रमुखों से यह भी कहा है कि आप अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों एवं कार्यालय से संबंधित जनसामान्य में उपरोक्त संबंध में जागरूकता लाने हेतु कार्य करें। इस संबंध में कार्यालयों की जांच के लिए गठित दल सभी कार्यालयों/कार्यालय परिसर का निरीक्षण करेगें। इस कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# पेंड्रा में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त



### गौरेला मोड़ पर जल भराव की स्थिति से नागरिक परेशान

**पेंड्रा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। पेंड्रा से गौरेला मार्ग पर गौरेला मोड़ में जल भराव की स्थिति से नागरिक परेशान है। यहां जल निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने के कारण गौरेला मोड पर पानी भर जाता है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नागरिकों ने यहां जल निकासी के लिए मुख्य मार्ग के आर पार पुलिया निर्माण की मांग की है ताकि जल भराव की समस्या का स्थाई निदान हो सके। आज 18 सितंबर तीज पर्व दोपहर बाद पेंड्रा में भारी बारिश हुई जिससे आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। खासकर पेंड्रा से गौरेला मार्ग पर नए बस स्टैंड के पहले गौरेला मोड़ में भारी-बड़ी से इतना पानी भर गया कि आवागमन अवरुद्ध जैसा हो गया था तथा दुर्घटना की स्थिति निर्मित हो रही थी। यहां गौरेला मोड़ पर गैरेज का संचालन करने वाले फिरोज ऑटो के संचालक फिरोज खान ने बताया कि यहां पर आए दिन बारिश के समय जल भराव की स्थिति बनी रहती है क्योंकि गोरेला मोड़ से नए बस स्टैंड की और नाली की गहराई एवं निकासी ठीक नहीं है जिससे गौरेला मोड पर पानी जमा हो जाता है और इसका खामियाजा यहां रहने वाले नागरिक सहित आने जाने वाहनों को उठाना पड़ता है। गौरेला मोड पर इतना जल भरा होता है कि दुर्घटना की स्थिति बन जाती है। गौरेला मोड पर जल भराव की समस्या आज की नहीं वर्षों पुरानी है परंतु इस समस्या का स्थाई समाधान ढूंढने का प्रयास नहीं किया गया है जबकि मुख्य मार्ग पर आर पार नाली का निर्माण कर बारिश के पानी सहित नाली के पानी के निकासी किया स्थाई प्रबंध किया जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### मवेशी चराने को लेकर मारपीट

तखतपुर, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। मवेशी चराने की बात को लेकर आरोपीयों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलसरी निवासी बहोरन लाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 18 सितम्बर की सुबह 9 बजे उसके भाई की जमींन में आरोपी लता बाई मवेशी को चरा रहा था और जब बहोरन लाल ने मना किया तो लता बाई, छबि लाल और नीलम ने तुम मना करने वाले कौन होते हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### करंट की चपेट से बुजुर्ग की मौत

तखतपुर, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। करंट के चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार निगारबंद निवासी जगदेश कश्यप उम्र अपने घर का हिटर खराब हो गया था। तो हिटर को बना रहा था तभी अचानाक से वह हिटर का करंट चपेट में आ गया। आनंद फानन में परिजनों ने बुजुर्ग को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर लाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गणेश चतुर्थी पर बाजारों में भारी भीड़

**तखतपुर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गजानन की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पूरे दिनभर प्रतिमा खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ रही और बाजे गाजे के साथ भगवान की मूर्ति लेकर गए।



गणेश चतुर्थी पर भक्त बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना करते है और अनंत चतुर्दशी तक लगभग 10 दिवस पण्डाल में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया जाता है। आज भगवान की मूर्ति लेने के लिए सुबह से ही बच्चें, युवा और समिति के लोग बाजे गाजे के साथ वाहन लेकर मूर्तिकारों के पास मूर्ति खरीदने के लिए पहुंचें थे और अपनी इच्छा अनुसार भगवान की मूर्ति लिए तथा भजन कीर्तन के साथ भगवान को लेकर पण्डाल तक गए। मूर्ति लेने का सिलसिला सुबह से लेकर देर रात तक चलता रहा। मतभिन्नता के कारण भक्तों में सशंय की स्थिति रही कि प्रतिमा कब स्थापित किया जाए मूर्ति खरीदने के बाद लोग भगवान की सजावट के लिए अन्य सामाग्री लेने के लिए दिनभर दुकानों में डटे रहे आज पूरे दिन किराना और जनरल स्टोर में भगवान की पूजा के लिए आवश्यक सामाग्री लेने के लिए भीड़े रहे और देर रात तक सामाग्री खरीदते रहे।

# आबकारी विभाग की कार्यवाही- 840 किलो महुआ लाहन एवं 50 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायगढ़,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर जिले में विशेष अभियान चलाकर आबकारी विभाग को अवैध मदिरा के धारण, परिवहन एवं विक्रय पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही चेकपोस्टों पर अवैध मदिरा परिवहन की सघन निगरानी रखने को कहा है।

गौरतलब है कि कलेक्टर के निर्देश के बाद आबकारी विभाग में तेजी से कार्यवाही का सिलसिला शुरू हो गया है। सहायक आयुक्त आबकारी के मार्गदर्शन में सीमावर्ती क्षेत्रों के जांच चौकियों में सघन तलाशी अभियान और जांच की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कल वार्ड बालसमुंद कोढ़ीपारा में 42 डिब्बों में कुल 840 किलो महुआ लाहन जप्त किया गया। साथ ही झाड़ियों में गड्ढे में छिपाकर जरीकेन और बोतलों में रखा कुल 50 लीटर महुआ शराब लावारिस बरामद किया गया। महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर पंचनामा तैयार किया।



**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### जिन स्कूलों से गोलियों की ...

जाना है। लेकिन आज बीजापुर में सभी सुरक्षित महसूस करते हैं। बीजापुर के लोगों में विश्वास बढ़ा है। बड़ी संख्या में कैंप खुले हैं जो इससे पहले कभी नहीं खुले थे। इतनी सड़कें बनी हैं जो पहले कभी नहीं बने थे। बहुत सारे मोटरसाइकिल खरीदे गए, जो पहले नहीं थे। 1000 से अधिक ट्रैक्टर खरीदे गए हैं, जो पहले नहीं थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जब मैं भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में आया था, यहां के लोग दो ही चीज मांगते थे। या तो हमारे यहां धान खरीदी केंद्र, बैंक खोल दो और दूसरा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोल दो। मुझसे धान खरीदी केंद्रों की माँग की जाती है क्योंकि पहले की तुलना में दो से ढाई गुना ज्यादा धान का उत्पादन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजापुर जिले में बंद पड़े 200 स्कूल पुन: आरंभ हो चुके हैं। बीजापुर जिले में 14 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले गये हैं। आज बस्तर फाइटर में अकेले बीजापुर से 300 नौजवानों को नौकरी मिली है। शिक्षकों की भर्ती हुई है। इन 5 वर्षों में अंदरूनी क्षेत्रों में भी 20 हजार से अधिक राशन कार्ड बने। आज 20 से अधिक अस्पताल खुल गए हैं। इलाज हो रहा है, डॉक्टर तैनात हैं। हमारे आदिवासियों को पट्टा नहीं मिल पाता था हमने व्यक्तिगत, वनाधिकार और सामुदायिक पट्टे दिए। देवगुड़ी का भी हमने सामुदायिक पट्टा दिया। देवताधामी के लिए भी हमने पट्टा दे दिया। पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति के लोगों के लिए पट्टा जारी किया है। सोलर पंप लगे हैं। लाइट पहुंच रही हैं। पिछले साल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में आए थे, ऐसे तालाब जो पुराने राजा, महाराजाओं के समय में बने थे सबके संधारण कार्य के लिए पैसा मांगा गया। हमने सभी तालाबों के संधारण की स्वीकृति दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यहां साइकिल का शोरूम भी दुर्लभ था, वहां आज आठ-आठ ट्रैक्टर के शोरूम हैं। मोटरसाइकिल के शोरूम खुल रहे हैं, क्योंकि आज बिक्री हो रही है। हर पंचायत में आज ट्रैक्टर हैं। बहुत बड़ी बात है। 5 साल में यहां सरकार ने जो परिवर्तन लाया है वह बहुत बड़ी बात है। पहले ढाई हजार में तेंदूपत्ता बेचते थे आज 4000 में बेच रहे हैं, महुआ, कोदो-कुटकी रागी आज बेचा जा रहा है। पहले कपड़े बाहर से आते थे। इन पांच वर्षों में यहां कपड़े बनने लगे, प्रोसेसिग यूनिट्स लगे। लोगों की आय में वृद्धि हुई है। हमने पेसा कानून लागू किया। इस प्रकार से दुर्गम से दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा हम लोग उपलब्ध करा रहे हैं। हास्टल के बच्चों की आदान राशि में हमने वृद्धि की। ओल्ड पेंशन लागू किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की। सभी वर्गों के लिए हमने काम किया है। बस्तर विकास की ओर चल पड़ा है। आदिवासियों की जमीन आपसे छीनी गई थी। इसे वापस किया गया है।

इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने भी अपना संबोधन दिया। लखमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ रहा है। बीजापुर में भी तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। आजीविका के बेहतर अवसर निर्मित हो रहे हैं। इस मौके पर बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी, दंतेवाड़ा श्रीमती देवती कर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे,छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे, बीज निगम के सदस्य इम्तियाज खान,नगरपालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया एडीजी नक्सल आपरेशन विवेकानंद सिन्हा, बस्तर संभागायुक्त श्याम धावड़े, आईजी पी सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णैर्य भी मौजूद रहे।

**मांदर की थाप देते हुए खुद झूमने लगे**

मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री जब भेंट मुलाकात कार्यक्रम स्थल पर पहुँचे तो यहां उनके स्वागत के लिए लोक कलाकार पारंपरिक धुनों में प्रस्तुति दे रहे थे। इसी समय मुख्यमंत्री भी उनके साथ शामिल हो गये और स्वयं भी मांदर को थाप देते हुए उनके साथ झूमने लगे।

**सीता फल का भी लिया स्वाद**

जिला स्तरीय भरोसे का सम्मेलन में लगे विभिन्न स्टालों के अवलोकन के बीच मुख्यमंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल पर पहुँचे जहां पर आंगनबाड़ी की पोषणवाटिका में तैयार की गई फल-सब्जी प्रदर्शित की गई थी। मुख्यमंत्री ने यहां पोषण वाटिका में ही फले सीताफल का भी स्वाद चखा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की ...

ने 65 के युद्ध में देश के सैनिकों का हौसला इसी सदन से बढ़ाया था। वहीं इंदिरा गांधी ने इसी सदन से बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के आंदोलन का नेतृत्व किया।

**75 वर्षों में 7,500 सांसदों ने निभाई भूमिका**

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में दोनों सदनों को मिलाकर 7,500 के लगभग जनप्रतिनिधि (सांसद) जिसमें 600 के लगभग महिला जनप्रतिनिधि भी शामिल रही है, ने देश के निर्माण में अपनी अपनी भूमिका निभाई है। जवाहर लाल नेहरू से लेकर शास्त्री,अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह तक बड़ी श्रृंखला रही है जिन्होंने देश का नेतृत्व किया है। आज का दिन इन सबके गुणगान करने का अवसर है।

### अधीर रंजन के भाषण पर...

ली थी कि सब मिलकर देश को आगे बढ़ाएंगे। नेहरू की दूरदर्शिता और विक्रम साराभाई की अगुवाई में इसरो बना, 1975 में देश ने आर्यभट्ट सैटेलाइट लॉन्च किया। लेकिन, आज इंडिया और भारत की बात करने वाले बताएं कि चंद्रयान-3 की कामयाबी के बाद अब इसरो को क्या कहेंगे, उसमें भी इंडिया लगा है। अधीर रंजन चौधरी के भाषण के दौरान सोनिया गांधी लगातार उन्हें गाइड करती रहीं और महत्वपूर्ण पॉइंट्स बताती रहीं। भाषण के दौरान ही सोनिया गांधी ने अधीर रंजन चौधरी को महिला आरक्षण पर बोलने की याद दिलाई, जिसके बाद चौधरी ने मोदी सरकार से महिला आरक्षण बिल पारित करने की भी मांग की। बाद में सोनिया गांधी ने अधीर रंजन चौधरी के भाषण की तारीफ करते हुए उन्हें 'वेरी गुड' भी कहा।

विपक्ष को डराने की कोशिश ...

आप बदलना चाहते हैं तो अभी स्थिति बदलें। इस तरह नाम बदलने से क्या होता है? युवाओं को रोजगार देना है तो सबको बेरोजगार करने से क्या होगा? अपने दिल को थोड़ा बड़ा करने की कोशिश करें, जब आप लोगों को मारते हैं तो क्या होता है? अगर आप कुछ नहीं कर सकते तो अपनी कुर्सी छोड़ दीजिए। यदि आप एक-दूसरे को डराते हैं तो क्या होगा? तुम्हें अपने शासन पर घमंड है, लोगों को धमकाने से क्या होता है?

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा 20 सितम्बर को जीपीएम जिले में प्रवेश करेगी

**केंद्रीय मंत्री नरेन्द्रसिंह तोमर एवं अनुराग सिंह ठाकुर आमसभा को करेंगे सम्बोधित**

**गोरेला पेंड्रा मरवाही** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की भ्रष्ट एवं वादाखिलाफी करने वाली कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ की परिवर्तन यात्रा प्रारंभ हो चुकी है.जशपुर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा की उपस्थिति में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा का दूसरा चरण 15 सितम्बर को प्रारंभ हुआ. जो कि 20 सितम्बर को गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले में प्रवेश करेगी. परिवर्तन यात्रा 20 सितंबर ,बुधवार को गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिलें के बरौर में अपरान्ह 04 बजे प्रवेश करेगी.स्वागत उपरांत यात्रा मरवाही के लिये प्रस्थान करेंगी जहाँ सायं 04.30 बजे मरवाही के दुर्गा पंडाल में विशाल आमसभा का आयोजन रखा गया है जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्रसिंह तोमर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, खेल, युवा कल्याण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ,नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय, पूर्व सांसद रामविचार नामदेव,प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव आमसभा को सम्बोधित करेंगे.कार्यकर्ताओं के साथ भोजन उपरांत परिवर्तन यात्रा मरवाही में रात्रि विश्राम करेंगी.21 सितम्बर,गुरुवार सुबह 09 बजे मरवाही के श्री राधकृष्ण मंदिर में दर्शन के बाद यात्रा सुबह 10 बजे प्रारंभ होंगी, कोटमी में सुबह 10-30 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनता द्वारा परिवर्तन यात्रा का स्वागत किया जायेगा ततपश्चात यात्रा पसान होते हुये कटघोरा की ओर जाएगी।




# सर्व आदिवासी समाज ने मनाया बलिदान दिवस

**तखतपुर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी समाज तखतपुर के द्वारा अमर शाहिद संकर शाह मरावी, अमर शाहिद कुंवर रघुनाथ शाह मरावी का गोंडवाना हाउस आज़ाद बलिदान दिवस मनाया गया।

सुरेंद्र प्रधान ने कहा की 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के समर में भारत के इतिहास में किसी भी राज परिवार की ओर से गढ़ मंडला के राजा शंकर शाह मरावी एवं पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह मरावी प्रथम है जिन्हें 18सितम्बर 1857 को जबलपुर में एक साथ पिता पुत्र को तोप से उड़ा दिया गया। इस स्वतंत्रता संग्राम में बलिदानी पिता पुत्र पर आदिवासी समाज को गर्व है जिन्हें समाज सम्मान पूर्वक श्रधांजलि अर्पित करता है। इस अवसर पर समाज के सुरेंद्र प्रधान,जगन्नाथ ध्रुव, पी.आर ध्रुव,भारत मरकाम ,आर.के नेताम,कुंवर सिंह मार्को, रमेश नेताम, शीतल मरावी, दादू नेटी, संतोष ध्रुव, साँवत नेताम, बाबू लाल पोर्ते,सोनसिंघ नेताम,गणेश राम जगत, विशाल मरावी,मोहित राम , राघवेंद्र प्रधान, नितेश प्रधान, नितिन प्रधान उपस्थित रहे।

# सफाई कार्य के निरीक्षण में निकले कलेक्टर तारन प्रकाश

**रायगढ़,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा सफाई कार्य का जायजा लेने आज शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किए। डेंगू संक्रमण के रोकथाम हेतु शहर में सफाई कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा शहर के विभिन्न स्थानों में चल रहे सफाई कार्य को देखते हुए वहां ब्लीचिंग पाउडर एवं उन इलाकों में फॉगिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय एवं निगम आयुक्त श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी मौजूद रहें। कलेक्टर श्री सिन्हा मेन पोस्ट ऑफिस के पीछे, हण्डी चौक एवं केवड़ाबाड़ी स्कूल के पास हो रहे सफाई कार्य को देखा। उन्होंने सफाई कार्य में लगे अधिकारियों को सभी स्थानों में मिशन मोड़ में सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हण्डी चौक में वहां के व्यापारी से बात करते हुए सभी हण्डी को उल्टे रखने एवं जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न होने हेतु कहा। उन्होंने कहा कि जल-जमाव होने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना पुराना नाम अजय सोनी पुत्र आनंद कुमार सोनी निवासी मकान नं. 18/282, श्री श्याम कुंज, सरजू बगीचा, मसानगंज, बिलासपुर 495001 छ.ग. को बदलकर नया नया नाम अजय कुमार सोनी रख लिया है। अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शसकीय अर्द्धशसकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम **अजय कुमार सोनी** से जाना एवं पहचाना जाए।

**अजय कुमार सोनी**
**पुत्र आनंद कुमार सोनी**
**निवासी मकान नं.**
**18/282, श्री श्याम कुंज,**
**सरजू बगीचा, मसानगंज,**
**बिलासपुर 495001 छ.ग.**

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR
CAVEAT APPLICATION NO /2023
IN
WRIT PETITION (S) No. /2023

CAVEATORS Proposed Respondent
Harishankar & ors
VERSUS
RESPONDENT
Proposed Petitioners State of Chhattisgarh and others

**CAVEAT PETITION UNDER SECTION 148(A) OF C.P.C R/W CHAPTER-IX RULE, 142 OF HIGH COURT OF CHHATTISGARH RULES, 2007**

The caveator, named above, humbly and respectfully begs to submit as under: -
That, the caveator apprehends that a writ petition is likely to be filed by the above respondent/proposed petitioners, against the Gazette Notification/Rules at Para 12 pg 9 dated 05.03.2019,challenging the Class-wise merit list, eligibility criteria, non-publication of waiting list, Legality of waiting list, reservation system (including PH and Ex-Servicemen) and Transparency of the whole recruitment process of Assistant Teacher dated 04.05.2023 issued by the Directorate of Public Instructions.
That, the caveator apprehends that the proposed petitioner/ petitioners may file a case in the nature of Writ Petition (S) by approaching this Hon'ble Court against the Gazette Notification/Rules at Para 12 pg 9 dated 05.03.2019, challenging the Class-wise merit list, eligibility criteria, non-publication of waiting list, Legality of waiting list, reservation system (including PH and Ex-Servicemen) and Transparency of the whole recruitment process of Assistant Teacher dated 04.05.2023 issued by the Directorate of Public Instructions.
That, in view of the aforesaid submissionsthe caveator respectfully prays that no orders interim/ad-interim may be passed by this Hon'ble Court in respect of petition filed or likely to be filed by the proposed petitioners challenging the Gazette Notification/Rules at Para 12 pg 9 dated 05.03.2019, challenging the Class-wise merit list, eligibility criteria, non-publication of waiting list, Legality of waiting list, reservation system (including PH and Ex-Servicemen) and Transparency of the whole recruitment process of Assistant Teacher dated 04.05.2023 issued by the Directorate of Public Instructions, without hearing the caveator in this regard.The copy of this caveats application is published in daily news paper of Deshbandhu.
BILASPUR
DATE: 19.09.2023
[NAUSHINA ALI]
COUNSEL FOR THE CAVEATOR

**IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR**
CAVEAT APPLICATION W.P.(C) NO./2023
CAVEATOR Proposed Respondent
M/s Radheshyam Agrawal,Shri Shyam Tower kavita Nagar, Main Road Avanti Vihar, Raipur, District Raipur,Chhattisgarh.
VERSUS
NON-CAVEATOR Proposed Petitioner
Public at Large

CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148-A OFCIVIL PROCEDURE CODE

The caveator/proposed respondent above named respectfully beg to submit as under:-**1.**That, the caveator/proposed respondent has awarded with work order for the construction of New Bus Stand cum Commercial Complex, Aarang vide order dated 19.04.2023. The copy of the work order dated 19.04.2023 is filed herewith as **Annexure C/1. 2.**That, the caveator/ proposed respondent apprehends that the non caveator/proposed petitioner may file a writ petition challenging the above Work Order dated 19.04.2023 and pray for interim relief/stay to the Work Order dated 19.04.2023. **3.** That, the caveator/proposed respondent has published the caveat notice in a Daily News Paper. The copy of the Paper cutting is filed herewith as **Annexure C/2. 4.**That, accordingly the caveator/proposed respondent prays that before filing any petition against the work order dated 19.04.2023, a copy of writ petition may kindly be supply to the proposed caveator and opportunity of hearing may kindly be provided, in the interest of justice. **5.**That, the address for notice to the caveator is being given here below for service of advance copy to his counsel. C.Jayant K.Rao, Advocate High Court Bar, High Court of Chhattisgarh, Bilaspur Residence B-4, Priyadarshini Nagar, Vyapar Vihar, Bilaspur (C.G) Mobile No. 9827911464

PRAYER

It is, therefore, most humbly prayed that no order what so ever, whether interim or stay be passed without affording an opportunity of being heard to the caveator, in the interest of justice.

Bilaspur: (C.Jayant K.Rao)
Dated:19/09/2023 Counsel for the Caveator

देशबन्धु
संस्कारधानी
5
बिलासपुर
मंगलवार 19 सितंबर 2023

उल्टा पुल्टा

रेलवे स्टेशन पर एक यात्री ने कुली से पूछा-भाई साहब, पूछताछ कार्यालय कहां है?
कुली ने जवाब दिया -मुझे भी नहीं पता! आगे जाकर left side में Enquiry Office है, वहां पता करो।

# 15 दिनों के लिए 24 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

## पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के न्यू कटनी स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का चल रहा कार्य

**बिलासपुर**, 18 सिंतबर (देशबन्धु)। अधोसंरचना विकास के अंतर्गत न्यू कटनी स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कार्य किया जायेगा । यह कार्य 21 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक किया जाएगा । इस कार्य के फलस्वरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसकी जानकारी इस प्रकार है।

### रद्द होने वाली गाडियां

19 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक बिलासपुर से चलने वाली 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 21 सितम्बर से 06 अक्टूबर तक भोपाल से चलने वाली 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 20 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक कटनी से चलने वाली 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 21 सितम्बर से 05 अक्टूबर तक चिरमिरी से चलने वाली 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 20 सितम्बर से 03 अक्टूबर तक बिलासपुर से चलने वाली 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 21 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक रीवा से चलने वाली 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 20 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक जबलपुर से चलने वाली 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 21 सितम्बर से 05 अक्टूबर तक अम्बिकापुर से चलने वाली 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 20 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक रीवा से चलने वाली 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 21 सितम्बर से 05 अक्टूबर तक चिरमिरी से चलने वाली 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 30 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 01 अक्टूबर से 05 अक्टूबर तक इंदौर से चलने वाली 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 03 अक्टूबर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 04044 निज़ामुद्दीन-अम्बिकापुर साप्ताहिक स्पेशल रद्द रहेगी । 05 अक्टूबर को अम्बिकापुर से चलने वाली 04043 अम्बिकापुर-निज़ामुद्दीन साप्ताहिक स्पेशल रद्द रहेगी । 02 अक्टूबर को लखनऊ से चलने वाली 12535 लखनऊ-रायपुर गरीबरथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 3 अक्टूबर को रायपुर से चलने वाली 12536 रायपुर-लखनऊ गरीबरथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 29 सितम्बर से 03 अक्टूबर तक छपरा से चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 30 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक दुर्ग से चलने वाली 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 27 व 29 सितम्बर को दुर्ग से चलने वाली 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 29 सितम्बर व 01 अक्टूबर को नौतनवा से चलने वाली 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 01 व 03 अक्टूबर को दुर्ग से चलने वाली 18203 दुर्ग-कानपुर बेतवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 02 व 04 अक्टूबर को कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग बेतवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 28 सितम्बर को दुर्ग से चलने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 30 सितम्बर को नौतनवा से चलने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।



### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेने

01 अक्टूबर को पुरी से चलने वाली 22910 पुरी-वलसाड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बिलासपुर-रायपुर-गोंदिया-नागपुर-इटारसी मार्ग से चलेगी । 29 सितम्बर से 03 अक्टूबर तक दुर्ग से चलने वाली 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया दुर्ग-गोंदिया-नागपुर-इटारसी मार्ग से चलेगी । 30 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक भोपाल से चलने वाली 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया इटारसी-नागपुर-गोंदिया मार्ग से चलेगी । 29 सितम्बर से 03 अक्टूबर तक बरौनी से चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कटनी-जबलपुर-कछपुरा-गोंदिया मार्ग से चलेगी । 29 सितम्बर से 03 अक्टूबर तक गोंदिया से चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया गोंदिया-कछपुरा-जबलपुर-कटनी मार्ग से चलेगी ।

### गंतव्य से पहले समाप्त/प्रारम्भ होने वाली गाडियाँ

21 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक गाड़ी संख्या 08747/08748 बिलासपुर-कटनी-बिलासपुर मेमू स्पेशल झलवारा स्टेशन में समाप्त/प्रारम्भ होगी तथा झलवारा-कटनी-झलवारा के मध्य रद्द रहेगी ।

## संपादकीय

### चावल और चुनाव

*छत्तीसगढ़ का प्रमुख कृषि उत्पाद धान है। धान पर प्रदेश की अर्थव्यवस्था तो निर्भर है ही, लगता है कि कुछ ही महीनों के बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव का भी यही मुद्दा होगा। दोनों प्रमुख दल यानी सत्तारुढ़ कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी चावल के मसले पर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं।*

*इसी माह की 9 तारीख को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश सरकार ने ध्यान में लाया था कि राज्य को भारतीय खाद्य निगम से 225.3 करोड़ रुपये तथा नागरिक आपूर्ति निगम से 3.43 लाख रु. चावल उपार्जन के लेने हैं। केन्द्र सरकार को चाहिये कि यह राशि तत्काल जारी करे। उसके कुछ दिनों पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र को एक पत्र भेजकर सेंट्रल पूल में चावल न घटाने का अनुरोध किया है। इस मद में 86.5 लाख टन उठाव का लक्ष्य राज्य सरकार ने रखा था जिसे केन्द्र ने घटाकर 61 लाख टन कर दिया है। चावल पैकिंग के बारदानों को न घटाने का भी आग्रह सीएम ने किया था।*

*इन मांगों और छग की ज़रूरतों पर केन्द्र सरकार क्या करने जा रही है, यह तो ज्ञात न हो सका परन्तु केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल अचानक शुक्रवार को रायपुर पहुंच गये और उन्होंने कथित चावल घोटाले की जांच शुरू कर दी। भारतीय खाद्य निगम का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में बड़ा चावल घोटाला हुआ है। उनके अनुसार बघेल ने 86 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदने को लेकर केन्द्र को जो पत्र लिखा है उसका उद्देश्य चुनावी वर्ष में राज्य के किसानों में भ्रम फैलाना है। गोयल का कहना था कि जब राज्य ने पिछले वर्ष का 61 लाख मीट्रिक टन ही नहीं दिया है तो 86.5 लाख मी. ट. कहां से दिया जा सकता है। खासकर, जब राज्य में इसका इतना उत्पादन ही नहीं हो रहा है। इसलिये इसमें घोटाला होने की पूरी आशंका है। केन्द्रीय मंत्री का यह भी दावा था कि अगर राज्य पूरी ईमानदारी बरते तो केन्द्र 1` लाख मी.ट. चावल लेने के लिये भी तैयार है। न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में भी गोयल का कहना था कि सारा पैसा केन्द्र दे रही है-एमएसपी एवं सम्मान राशि के रूप में। उनका कहना था कि केन्द्र को कई शिकायतें इस बाबत मिली हैं इसलिये वे जांच के लिये आये हैं। साथ ही, 24 से 27 जुलाई तक यहां उनके विभाग की ओर से जांच के लिये अधिकारियों की टीम भेजी गयी थी।*

*मुख्यमंत्री का इन आरोपों पर दावा है कि यह चुनावी वर्ष है इसलिये मुद्दाविहीन भाजपा का यह चुनावी प्रलाप है। बघेल के अनुसार पहले भी जांच हुई पर कुछ नहीं निकला। जो भी हो, केन्द्र एवं सरकार इसे चुनावी मुद्दा न बनाये क्योंकि यह छग के लिये महत्वपूर्ण मुद्दा है।*

## सार-संक्षेप



### 25 लोगों को बीपी सिंह ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

**बिलासपुर** , 18 सिंतबर (देशबन्धु)। देवरीखुर्द गदा चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन आराध्य श्री राम जी की आरती के साथ धूम धाम से मनाया गया। रविवार को किसान मोर्चा के सह कोषाध्यक्ष बी पी सिंह ने कहा कि देश की बागडोर 2014 में संभालने के बाद से अनवरत देश सेवा में लगातार कार्य करने वाले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हम सभी कार्यकर्ता मना रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत को एक नई पहचान मिली है। सनातन प्रेमियों के लिए राम मंदिर , धारा 370 जैसे बड़े कार्य हुए। हम सभी कार्यकर्ता अपने जीवन का एक दिन उन्हें देकर उनके लंबी आयु की कामना करते हैं और 2024 में एक बार फिर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनकर भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाएंगे।ऐसी कामना के साथ संकल्प लेते है । देवरीखुर्द में आज नरेंद्र मोदी का जन्म उत्सव भी मस्तुरी विधानसभा के लिए यादगार रहा रविवार को मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर देवरीखुर्द वार्ड क्रमांक 42 और 43 से सनी मानिकपुरी, रिंकू श्रीवास,गोपाल निषाद,वीर, सिद्धार्थ,वासु,हेमंत, दुर्गेश,कमलेश यादव, शिव वस्त्रकर , राजू भाई ,आशु संडे अभिषेक शर्मा, दीपक केसरवानी, शुभम साहू ,छवि संयम , अन्ना आदि 25 युवाओं ने भाजपा का दामन थामा इस दौरान भाजपा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष बी पी सिंह ने उन्हें भगवा गमछा पहनकर भाजपा प्रवेश कराया

### मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



**बिलासपुर,** 18 सिंतबर (देशबन्धु)। मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक आज संपन्न हुई । बैठक में अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, अपर मंडल प्रबंधक श्री देवराज एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे । उक्त बैठक में रेलवे बोर्ड की मानक कार्यसूची के अनुसार पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अप्रैल-जून 2023 तिमाही में हुई राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई । अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन ने 15 सिंतबर को महाप्रबंधक की अध्यक्षता में संपन्न क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में प्राप्त निदेशों का समस्त शाखाधिकारियों से अनुपालन सुनिश्चित करने का दिशा निर्देश दिया । उन्होंने राजभाषा पखवाड़ा के संबंध में जानकारी देते हुए सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों को भाग लेने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें। समिति के अध्यक्ष एवं मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना हमारा संवैधानिक उत्तरदायित्व ही नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है । अत: हम सभी हिंदी को अंत- मन से आत्मसात करते हुए अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दें । इसके अलावा उन्होंने हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने हेतु प्रत्येक माह में साहित्यकारों की जयंती अथवा अलग-अलग प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करने का निदेश दिया तथा हिन्दी में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया।

# 50 हजार के मोबाइल के साथ युवक पकड़ाया



**बिलासपुर** , 18 सिंतबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी पचपेड़ी निरीक्षक विवेक कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में क्षेत्र में सतत निगाह रखी गई थी कि जरिये मुखबीर सूचना मिली कि ग्राम पचपेड़ी बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति काफी मात्रा में मोबाइल रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन के ग्राम पचपेड़ी बस स्टैंड पहुंचकर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी चुकु पाटले पिता रामदास उम्र 24 साल साकिन केवतरा थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर छ.ग. के कब्जे से 05 नग टच स्क्रीन मोबाईल अलग-अलग रंग की कीमती करीबन 50000/ को समक्ष गवाहन जप्त कर चोरी के संदेह पर पूछताछ करने से आरोपी द्वारा चोरी का सामान होना स्वीकार किया जिस पर इस्त. क. 02/23 धारा 41 (1-4) जाफौ. / 379 भादवि के तहत कार्यवाही की गई।

## जंगल गई महिला से बलात्कार तीन आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर** , 18 सिंतबर (देशबन्धु)। जंगल में एक महिला से तीन युवकों ने बलात्कार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।




बेलगहना पुलिस ने बताया कि पीड़िता द्वारा चौकी उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 सिंतबर के सुबह करीब 9 बजे गांव के चरकू, ठिसलू, सियाराम के द्वारा प्रार्थिया / पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया है। प्रार्थिया के उक्त लिखित रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये कल शाम को ही आरोपियों का पतासाजी का आरोपियों को पकड़ा गया, जिसे पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किये, जिसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। महिला और आरोपी शराब सेवन किए हुए थे।

## स्वच्छ संवाद व स्वच्छ स्टेशन थीम

# मंडल के सभी स्टेशनों पर साफ-सफाई

**बिलासपुर,** 18 सिंतबर (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ रेल - स्वच्छ भारत अभियान के तहत 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है । इस स्वच्छता पखवाडा में प्रत्येक दिवस, थीम के अनुसार साफ-सफाई एवं स्वच्छता से संबन्धित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ।



इसी कड़ी में स्वच्छता पखवाड़ा में 17 सितम्बर को स्वच्छ संवाद व आज स्वच्छ स्टेशन थीम पर मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता हेतु विशेष अभियान चलाया गया । स्टेशनों पर साफ-सफाई का निरीक्षण और श्रमदान के साथ स्वच्छता अभियान चलाए गए । बिलासपुर स्टेशन में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री देवराज, सीआरएसई(कोचिंग) वेदिश धुवारे तथा सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह द्वारा स्वच्छता निरीक्षण किया गया। प्लेटफार्म, यात्री प्रतिक्षालय, केटरिंग स्टाल के साथ ही साथ पूरे स्टेशन परिसर में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस दौरान सफाई में उपयोग होने वाली मशीनों, बाटल क्रशिंग मशीन की उपलब्धता व वर्किंग स्थिति, डस्टबीनों एवं सामानों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई। स्टेशन प्लेटफार्म को गंदगी एवं प्लास्टिक-मुक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में कार्य किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, यात्री प्रतिक्षालय एवं सामान्यत: ज्यादा गंदे होने वाले जगहों की साफ-सफाई, नालियों की सफाई की गई तथा कचरों का निष्पादन किया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर में अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। साथ ही यात्रियों से संवाद स्थापित कर यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं गाडियों में स्वच्छता बनाये रखने का आग्रह किया गया। इसके अलावा पखवाड़ा के दूसरे व तीसरे दिन नामित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा स्वच्छ संवाद व स्वच्छ स्टेशन थीम पर उसलापुर, रायगढ, चांपा, कोरबा, जांजगीर-नैला, शहडोल, अनूपपुर, अम्बिकापुर, उमरिया सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर श्रमदान व स्वच्छता अभियान चलाकर यात्रियों को स्वच्छता जागरूकता हेतु प्रेरित किया गया।

# स्व. श्रीकांत वर्मा ने अपनी काबिलियत से देश में ख्याति प्राप्त की-महापौर

**बिलासपुर**, 18 सिंतबर (देशबन्धु)। स्व. श्रीकांत वर्मा छत्तीसगढ़ और बिलासपुर के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। बिलासपुर में एसईसीएल मुख्यालय, टीवी केन्द्र खुलवाने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई थी। उक्त बातें नगर निगम महापौर श्री रामशरण यादव ने स्व. श्रीकांत वर्मा की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कही।



महापौर रामशरण यादव ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. श्रीकांत वर्मा बिलासपुर जैसे छोटे शहर में पैदा हुए। अपनी काबिलियत के बदौलत देश के ख्याति प्राप्त कवि, लेखक, कथाकार और पत्रकारों की श्रेणी में शुमार हो गए। वे देश के राष्टीय स्तर की पत्रिका दिनमान संपादक भी रहे। उन्हें अनेक पुरस्कार और अवार्ड से सम्मानित भी किया गया है। उन्हें मरणोपरांत साहित्य अकादमी पुरस्कार भी दिया गया है। राजनीति से जुड़े होने के कारण राज्यसभा के सदस्य भी रहे। इस अवसर पर विधायक शैलेष पाण्डेय, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेयी, कांग्रेस नेता जफर अली, हरीश तिवारी, एसएल रात्रे, माधव ओत्तलवार, कृष्ण कुमार यादव, ब्रजेश साहू, राजेश शर्मा, रत्ना सिंह, मधुलिका सिंह, कमला गुप्ता, वीरेन्द्र सारथी, अफरोज बेगम, जगदीश कौशिक, अर्जुन सिंह, हेरि डेनिएल, चन्द्रहास केशरवानी, करम गोरख, गौरव एरी, संतोष गुप्ता, रिंकू छाबड़ा, जगदीश सोनी, शिवा निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### वकालत छोड़ राजनीति में आए थे बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल

महापौर रामशरण यादव ने स्वतंत्रता सेनानी, स्व. बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल जी की पुण्यतिथि पर याद करते हुए कहा कि उनका जन्म अकलतरा के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे छत्तीसगढ़ के प्रथम बैरिस्टर थे। उन्होंने अपनी विद्वता से कानून के क्षेत्र में बहुत नाम कमाया। गांधी जी से प्रभावित होकर वे कांग्रेस पार्टी में आए और आजीवन पार्टी से जुड़े रहे। कानून के अच्छे जानकार होने के कारण उन्हें भारतीय संविधान सभा के सदस्य के रूप में चुना गया। उन्हें अस्थायी संसद के सदस्य के रूप में मनोनीति भी किया गया था।

## कांग्रेस भवन में छेदीलाल की पुण्यतिथि व श्रीकांत वर्मा की जयंती मनाई गई



ज़िला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) द्वारा 18 सितम्बर को स्वतंत्रता सेनानी, बैरिस्टर ठाकुर छेदी लाल जी की पुण्यतिथि एवं पूर्व राज्य सभा सदस्य , लेखक श्रीकांत वर्मा जी की जयंती मनाई गई ,और उन्हें पुष्पांजलि दी गई । शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि ठाकुर छेदी लाल जी का जन्म एक मालगुजार परिवार में हुआ ,वे कुशाग्र बुद्धि के थे , उनकी शिक्षा बनारस विश्वविद्यालय और बैरिस्टर की उपाधि इंग्लैंड से ली।वे गांधी जी से प्रभावित होकर , आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़े और जेल भी गए ,उन्होंने कांग्रेस के त्रिपुरी सम्मेलन में मुख्य भूमिका अदा की।

पर्यटन मण्डल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने कहा कि स्व श्रीकांत वर्मा ने शहर के विकास में मील के पत्थर साबित हुए उन्होंने शहर के लिए अपने सांसद मद से अधिकांश राशि देकर शहर को विस्तार दिया। विधायक शैलेष पांडेय ने कहा स्व श्रीकांत वर्मा जी कांग्रेस की राजनीति में उच्च स्थान रखते थे ,वे पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी जी और स्व राजीव गांधी जी के निकट रहे ,उन्होंने गरीबी हटाओ और जात पर न पात पर मुहर लगेगी हाथ पर जैसे अनेक कालजयी चुनावी नारे दिए ,वे कांग्रेस के महासचिव भी रहे , उनका निधन एक गम्भीर बीमारी के कारण 1986 में अमेरिका में हो गया । जो कांग्रेस और बिलासपुर के लिये बड़ी क्षति थी । कार्यक्रम का संचालन संयोजक ज़फ़र अली ने किया ।

## सार-संक्षेप

### आरोपियों की गिरफ्तारी तक कार्य नहीं करने की चेतावनी



**कोरबा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के बरपाली उपकेन्द्र में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता संदीप मानिकपुरी के साथ ग्रामीणों द्वारा मारपीट किए जाने से नाराज सहकर्मियों ने काम नहीं करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में सहायक अभियंता (सं/सं) को आवेदन ज्ञापन सौंपते हुए 21 विद्युत कर्मचारियों ने कहा है कि 15 सितंबर को कनिष्ठ अभियंता संदीप मानिकपुरी अपने कर्मचारियों के साथ विद्युत सुधार हेतु ग्राम उमरेली गए थे तब ग्रामीणों के द्वारा उनसे व कर्मचारियों के साथ गाली-गलौच कर मारपीट किया गया जब वे जान बचाकर भागने की कोशिश किए तो उन्हें बंधक बनाकर मारपीट की गई। इस घटना से विद्युत विभाग संघ में रोष व्याप्त है। इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति हो सकती है जिससे कर्मचारियों द्वारा विद्युत संबंधी कार्य कर पाना संभव नहीं है। बरपाली, सोहागपुर वितरण केन्द्र के कर्मचारियों ने किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा है कि इनकी गिरफ्तारी के बाद वे फिर से काम पर लौटेंगे। संतोष कामोजी, कैलाश सिदार, सुरेश कंवर, दिनेश कंवर, गोरेलाल पटेल, नारायण कंवर, चंद्रप्रकाश धुरी, अमित कंवर, विजय कंवर, रूद्रशरण प्रताप सिंह, शैलेन्द्र कुमार, विजेन्द्र लाल, राजेश साहू, तरूण कुमार यादव, हेम सिंह कंवर, दुर्गेश कंवर, केदार राठौर, प्रीतम प्रजापति, अशोक खाण्डे, सत्यप्रकाश गांधी, रूपेश कंवर ने कहा है कि आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक वे काम नहीं करेंगे।

बता दें कि जेई संदीप मानिकपुरी के साथ मारपीट करने वाले ग्रामीणों संजू लाल देवांगन, कमलेश देवांगन, प्रदीप केंवट, विष्णु केंवट, राम केंवट, लालू यादव, बबलू केंवट, बबलू बरेठ, भोलू व अन्य के विरूद्ध धारा 294, 506, 332, 186, 353, 147 भादवि के तहत उरगा थाना में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### शोकाकुल परिजनों से मिलकर विधायक ने ढांढस बंधाया

कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। पोड़ी-उपरोड़ा ब्लाक के ग्राम पंचायत लाद में एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। उसके दशगात्र कार्यक्रम में पहुंचे पाली-तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा ने परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद ग्राम कापानवापारा पहुंचे जहां एक वृद्ध को हाथी ने मार डाला था। विधायक ने परिजन को ढांढस बंधाते हुए उपस्थित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को शासन की ओर से मिलने वाली सहायता राशि को जल्द दिलाने के निर्देश दिए। उसके पश्चात ग्राम ढोढ़ाबहार में बिंझवार समाज के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। इस दौरान बाबा खान, लक्ष्मी अग्रवाल, उदय यादव, विधायक प्रतिनिधि भावेश बनाफर, शिवनंदन कुजुर, गुरुबहाल टोप्पो, जनपद सदस्य मदन सिंह मरावी व वनविभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### क्षेत्र में विभिन्न आयोजनों में शामिल हुए विधायक केरकेट्टा



**कोरबा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। पाली तानाखार क्षेत्र के विधायक मोहितराम केरकेट्टा अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार सघन दौरा कर छत्तीसगढ़ शासन की समस्त योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

इस कड़ी में विधायक मोहितराम केरकेट्टा ग्राम पंचायत सिंघिया पहुंचे और 3 लाख के मंच निर्माण कार्य का उद्घाटन किए। ग्राम मल्दा में तीन लाख रुपए से विधायक मद से निर्मित सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन किए तथा सरपंच सत्यानारायण कंवर की पुत्री के जन्मदिन कार्यक्रम शामिल हुए। मल्दा में ही भगवान विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य में बच्चों की डांस प्रतियोगिता में शामिल हुए। विधायक ने बच्चों को 5001 रुपए की प्रोसाहन राशि प्रदान की। ग्राम पंचायत मल्दा के ऊपर पारा मोहल्ले में भगवान विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित छत्तीसगढ़ी लोककला मंच थिरमन दास के कार्यक्रम में शामिल होकर समिति को 5001 एक रुपए का सहयोग किया। इस दौरान जनपद सदस्य प्रदीप जायसवाल,जनपद सदस्य फुलेस्वरी महंत,विधायक प्रतिनिधि राज कुमार मंहत जी, सरपंच सत्यनारायण कंवर सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसी जन उपस्थित रहे। इसके पश्चात पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत लाफा में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर गम्मत कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ने 5001 रुपए का ईनाम राशि प्रदान किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि अनिल गुप्ता, जसवंत लकड़ा,जिला सचिव प्रवीण सिंह ठाकुर, सरवन दास सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसीजन व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विश्वकर्मा की मूर्तियों का किया गया विसर्जन



**कोरबा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती ऊर्जाधानी में हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा व भक्तिपूर्वक मनाई गई। 17 सितंबर को जिले के अनेक क्षेत्रों में विश्वकर्मा जयंती पर आयोजन हुए। इसके दूसरे दिन आज आयोजन समितियों के द्वारा भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियों का धूमधाम से विसर्जन नदी, नहर, तालाब में किया गया। डीजे की धुन पर झूमते-गाते लोग रंग-गुलाल उड़ाते हुए घाट तक पहुंचे।

# बालाजी मंदिर, अयोध्या और नाग लोक के पंडाल में विराजेंगे गणपति

## आयोजन समितियों की तैयारी पूरी, शुभ मुहुर्त में शुरू होगी पूजा-अर्चना







**कोरबा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। प्रथम पूज्य भगवान गणेश की अराधना का पर्व चतुर्थी तिथि से प्रारंभ होने जा रहा है। एक से बढक़र एक आकर्षक और विशालकाय पंडालों में विघ्नविनाशक की प्रतिमा रिद्धि-सिद्धि के साथ स्थापित की जाएगी। पूरे 9 दिनों तक ऊर्जाधानी में गणेशोत्सव की धूम मचेगी। आयोजन समितियों के द्वारा इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

कोरबा जिले में गणेशोत्सव धीरे-धीरे महानगरीय तर्ज पर बनाया जाने लगा है। घरों और मोहल्लों में बाल गणेश तो पंडालों में विशालकाय प्रतिमा तैयार कराया जा कर भक्तों को अलग-अलग स्वरूपों में गजानन के दर्शन कराए जाएंगे। शहर में सीतामणी मार्ग में प्रसिद्ध गणेश उत्सव समिति के द्वारा इस वर्ष श्री गणेश अपनी टीम के साथ क्रिकेट मैदान पर खेलते नजर आएंगे। भूत बंगला, बारिश जैसा माहौल एवं अन्य मनमोहक झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। चलित झांकियों का पूरा ढांचा यहां तैयार कराया गया है।

### तिरूपति की तर्ज पर मंदिर में विराजेंगे वेंकटेश्वर गणेश

शहर के मध्य पावर हाऊस रोड में गणेशोत्सव का आयोजन के 21वें वर्ष तिरूपति बालाजी की तर्ज पर निर्मित विशालकाय मंदिर में वेंकटेश्वर गणेश भक्तों को दर्शन देंगे। तिरूपति की थीम पर निर्मित पंडाल में बनाए गए गर्भगृह में श्रीगणेश का दरबार स्थापित किया गया है। कोरबावासियों एवं जनकल्याण की भावना से वेंकटेश्वर गणेश की स्थापना की गई है। समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल एवं सचिव राजेश गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों की देखरेख व सहयोग से आयोजन की तैयारी पूरी की गई है। मंगलवार को शुभ मुहूर्त में मूर्ति स्थापना की जाएगी।



### 107 फीट ऊंचे मंदिर में दर्शन देंगे गजानन

कटघोरा शहर में इस वर्ष भव्य आयोजन की कड़ी में भगवान गणेश का भव्य दरबार निर्मित कराया गया है। अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर यहां पंडाल निर्मित कराया गया है और पंडाल के प्रारंभ में ही श्री हनुमान के दर्शन होंगे। इसके बाद आकर्षक सजावटों के बीच विशाल पंडाल में श्री गणेश विशालकाय स्वरूप में भक्तों को दर्शन देंगे। श्रीराम मंदिर क्षेत्रवासियों ही नहीं बल्कि जिले भर के लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र अभी से बना हुआ है। आयोजन को और भव्यता प्रदान करने की तैयारी में समिति जुटी है।

### हर दिन अलग-अलग आरती का रहेगा आकर्षण

इतवारी बाजार मार्ग में चित्रा टाकीज के निकट श्री सिद्धिविनायक ग्रुप के द्वारा कोरबा का विघ्नहर्ता लगातार पांचवें वर्ष विराजित किए जाएंगे। यहां पंडाल को नाग लोक का स्वरूप दिया गया है जिसमें प्रारंभ में ही शेषनाग के दर्शन होंगे और उसके भीतर से होते हुए भगवान के दर्शन करने भक्त आगे बढ़ेंगे। शेषनाग एवं गुफा जहां रोमांचित करेंगे वहीं भव्य लाइटिंग की जगमगाहट देखते ही बनेगी। आयोजन समिति के वैभव शर्मा ने बताया कि यहां अलग-अलग दिनों में अलग-अलग आरती भी की जाएगी। 20 सितंबर को आतिशबाजी के साथ भव्य गंगा आरती, 21 सितंबर को धूप-दीप आरती, 22 सितंबर को 56 भोग आरती, 23 सितंबर को वृद्धाश्रम के बुजुर्गों की आरती, 24 सितंबर को अर्द्धनारेश्वर किन्नरों की आरती, 25 सितंबर को श्री महाकाल गौरीशंकर आरती, 26 सितंबर को फूल-गुलाल की आरती एवं 27 सितंबर को दिव्य विसर्जन आरती सुबह 7 बजे एवं शाम को 7 बजे प्रतिदिन की जाएगी।

### स्टाप डेम में डूबे बालक का शव बरामद

कोरबा-बांकीमोंगरा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। नहाने के लिए स्टाप डेम में गए बालक की डूबने से मौत हो गई। उसका शव काफी कोशिशों के बाद आज बरामद हो सका। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है क्योंकि वह अपने परिवार का इकलौता भी था।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चटईनार निवासी गौरव कौशिक पिता स्व. प्रेमकुमार 11 वर्ष 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए क्षेत्र के स्टॉप डेम में गया था। नहाने के दौरान गौरव पानी में बहकर लापता हो गया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पुलिस द्वारा बालक की तलाश स्थानीय लोगों के सहयोग से शुरू की गई। देर शाम तक काफी खोजबीन के बाद भी बालक का पता नहीं चल सका। सोमवार को सुबह फिर से बालक की खोजबीन की गई।

**नाना के पास रहकर पढ़ रहा था गौरव:** बताया गया कि गौरव के पिता स्व. प्रेम कुमार कौशिक नराईबोध के रहने वाला थे, पिता के देहांत के बाद नाना बुद्धू लाल कौशिक जो कि बलगी एसईसीएल में कार्यरत व बलगी कॉलोनी में ई/10 में निवासरत हैं नाती गौरव और बेटी को अपने पास ले आए। गौरव केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा में 7वीं कक्षा का छात्र था। गौरव की असामयिक मृत्यु से परिजनों सहित कालोनीवासियों एवं सहपाठियों व स्कूल स्टाफ में शोक व्याप्त है।

# गूगल से नंबर सर्च कर बैंक में फोन किया कुछ घंटे में निकल गए 10 लाख

### गेवरा परियोजना के रिटायर्ड कर्मी को लगी चपत




**कोरबा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। गेवरा परियोजना के सेवानिवृत्त कर्मचारी को गूगल से नम्बर सर्च कर बैंक में फोन करना महंगा पड़ गया। रिटायरमेंट के बाद कृपा राम चौधरी अटल विहार, कोतरा रोड रायगढ़ में रह रहा है। उसका बैंक खाता एसबीआई गेवरा में है। उसने हाऊस बिल्डिंग लोन लिया था, और इसकी क्लीयरेंस के लिए एसबीआई गेवरा में आवेदन दिया था जिसकी जानकारी लेने के लिए कृपा राम ने 05-09-2023 को दोपहर लगभग 2बजे गूगल से सर्च कर गेवरा बैंक का फोन नंबर ज्ञात किया और अपने फोन नंबर 7587138349 से फोन किया। सामने फोन उठाने वाले व्यक्ति ने एसबीआई गेवरा प्रोजेक्ट का कर्मचारी होने की पुष्टि की जिसका फोन नंबर 8240879086 है। फ़ोन पर व्यक्ति ने लोन क्लियर न होने की जानकारी दी और कहा कि लोन को क्लियर करने के लिए योनो एप में ऑनलाइन एप्लीकेशन डालना होगा। उसने योनो एसबीआई एप खोलने के साथ-साथ एनीडेस्क डाउनलोड करवाया और जो बोलता गया वह किया। इस दौरान उसने 2 बार ओटीपी भी कृपा राम से लिया। थोड़ा शक होने पर कृपा राम ने अपना फोन स्विच ऑफ कर दिया। फ़ोन चालू करने पर वो नंबर से 4-5 बार मिस कॉल आया, शक बढने के बाद अपना अकाउंट को 2-3 बार खोल कर पुष्टि की कि पैसा कटा तो नहीं, रात 12 बजे के बाद कृपा राम निश्चिन्त हो गया कि कुछ हुआ नहीं है। 06-09-2023 को अपने ऑफिसियल वर्क निपटने के लिए गेवरा प्रोजेक्ट गया था, तब उसे उक्त नंबर से वापस फोन आया तब कृपा ने कहा कि वह बैंक जा कर लोन क्लियर करेगा।

इसके थोड़े देर बार सुबह 10.33 बजे खाते से 5 लाख रुपये डेबिट हो गया और 10.36 बजे एक और ट्रांजैक्शन हुआ जिसमें 5 लाख और डेबिट हो गए। इस प्रकार 10 लाख का इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड हुआ। वह तुरंत गेवरा बैंक गया और अपना खाता लॉक कराने के बाद थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया। धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

### सीढ़ियों से ही कार उतार दिया चालक ने, बाइक को रौंदा



**कोरबा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। चैतन्य अवस्था से पृथक हुए एक कार चालक ने नशे की हालत में सीढियों को ही रास्ता समझ लिया और कार को दौड़ा दिया। जब तक चेतना जागी, कार सीढ़ियों से उतर कर एक बाइक को चपेट में ले चुकी थी। समय रहते हादसा टल गया अन्यथा कुछ जनहानि भी हो सकती थी। यह घटनाक्रम ट्रांसपोर्ट नगर स्थित प्रेस काम्पलेक्स परिसर में दोपहर करीब 3 बजे घटित हुआ। कार क्रमांक सीजी-12एटी-4014 के चालक ने मदहोश हालत में अपनी कार को आरके ग्राफिक्स के बगल से प्रेस काम्पलेक्स की ओर आने वाले रास्ते में बनी सीढ़ियों पर उतार दिया।

### नशेड़ियों ने व्यवसायी से की मारपीट, भट्ठी में झोंकने का प्रयास



कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली से महज 200 मीटर दूर पुराना बस स्टैंड परिसर में रविवार रात कुछ शराबियों ने मिलकर एक व्यवसायी के साथ बुरी तरह मारपीट की। उसे भट्ठी में झोंकने का भी प्रयास किया गया लेकिन होटल संचालक की सतर्कता से नशेड़ी लोग ऐसा नहीं कर सके।

जानकारी के अनुसार आनंद रैकवार पिता स्व. अनिल सिंह रैकवार 50 वर्ष, मिशन रोड वार्ड नंबर 1 कोरबा का निवासी है। उसका मिशन रोड में श्री फैंसी ड्रेस नामक दुकान है। उसे रायगढ में फैंसी ड्रेस संबंधी सामान भेजना था जिसके लिये बस पता करने के लिये पुराना बस स्टैण्ड में रात्रि 9.50 बजे गया था और राजा गुप्ता के होटल के पास स्थित पान ठेला वाले मोनू सिंधी से बस के बारे में पूछताछ कर रहा था। वहीं किनारे में चार व्यक्ति बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे, इतने में सुभाष विश्वकर्मा उसके पास आया और बोलने लगा कि तुम मुझे क्यों घूर रहे हो। इतने में उसके तीन और साथी वहां आये और चारों मिलकर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किये। सुभाष विश्वकर्मा हाथ-मुक्के से एवं उसके तीन अन्य साथी बेल्ट, डण्डा एवं राड से मारपीट किये हैं, उसके बाद वह चारों होटल के भट्ठी तरफ खींचते ले जा रहे थे, तभी होटल वाला देखा और बीच बचाव कर मना किया। घटना के बाद अपने पुत्र अंश रैकवार व परिचितों को फोन कर घटना के बारे में बताया। मारपीट के दौरान गले में पहना सोने का चैन कहीं गिर गया। पुलिस ने आनंद रैकवार की रिपोर्ट पर सुभाष विश्वकर्मा व उसके तीन अन्य साथी के विरुद्ध धारा 294, 323, 34, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सार्वजनिक जगह में शराब पीने पर मामला नहीं बना है।

### पानी मांगा और मंगलसूत्र झपट कर भागे बाइक सवार

कोरबा-बांगो, 18 सितंबर (देशबन्धु)। बाइक पर सवार होकर आए दो लोगों में से एक युवक ने पानी मांगने के बहाने लूट को अंजाम दिया। दो आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर तलाश पुलिस कर रही है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला श्याम बांगो थाना अंतर्गत माचाडोली में भुल्लर साईड सागौन प्लांट में रहती है व घरेलू काम करती है। घटना दिनांक 11.09. 2023 को उसका पति जंगल तरफ गाय-बकरी चराने चला गया था। दोपहर लगभग 12.30 बजे पीड़िता अपने घर के दरवाजा के पास अकेली खड़ी थी, उसी समय दो व्यक्ति पल्सर मोटर सायकल से आये सडक़ में एक व्यक्ति मोटर सायकल से उतरकर पास आया, जो अपने मुंह में काला कपड़ा बांधा हुआ था। पास आकर पीने के लिये पानी मांगा और अचानक गले में पहने मंगलसूत्र को झटककर अपने साथी के साथ मोटर सायकल में पीछे बैठकर भाग गया। भागते समय मोटर सायकल चलाने वाला अपने साथी को जल्दी भागो शिवा बोल रहा था, तब महिला जोर-जोर से चिल्लाई लेकिन तब तक दोनों युवक भाग गये। सोने का पुराना मंगलसूत्र में 10 ग्राम सोने का छोटा लाकेट लगा था जिसकी कीमत लगभग 30,000 रूपये बताई गई है। घटना के संबंध में गांव के लोगों को तथा पति को बताई। पता तलाश करते रहने के कारण 16 सितंबर को पति के साथ बांगो थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया। धारा 392,34 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी किया जा रहा है।

# मोड़ पर ट्रेलर पलटा, चालक की मौत



**कोरबा-कटघोरा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। तेज रफ्तार ट्रेलर का चालक मोड़ पर नियंत्रण नहीं कर सका और वाहन पलट गया। हादसे में दबकर चालक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार यह हादसा कटघोरा थाना अंतर्गत कसनिया नर्सरी मोड़ के पास घटित हुआ। बताया गया कि उत्तर प्रदेश के बलिया का रहने वाला विनोद गुप्ता ट्रेलर लेकर गंतव्य की ओर रवाना हुआ था कि कसनिया में मोड़ के पास वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और हादसा हो गया। ट्रेलर में चालक फंस कर बुरी तरह जख्मी हो गया। सूचना बाद पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही शुरू की गई। ट्रेलर को सीधा करने के लिए क्रेन की मदद ली गई। जब तक चालक को बाहर निकाला गया, उसकी जान जा चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले में आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही मृतक के परिजन को हादसे की सूचना दी गई है।

### पर्यूषण पर्व का शुभारंभ आज से

**कोरबा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर बुधवारी चौक में जैन धर्मावलंम्बियों का सबसे बड़ा पर्व पर्यूषण 19 से 28 सितंबर तक हर्षोल्लास के साथ सांगानेर (राजस्थान) से आमंत्रित पंडित रीतेश शास्त्री के सानिध्य में मनाया जाएगा। भाद शुक्ल चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक आयोजित इस पर्व में प्रत्येक दिवस नित्य-नियम पूजा, अभिषेक, शांतिधारा के साथ क्रमशः उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन एवं ब्राम्हचर्य धर्मों की पूजा-अर्चना एवं प्रवचन का कार्यक्रम होगा। प्रत्येक दिवसों में संध्या आरती, प्रवचन एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। क्षमावाणी पर्व रविवार 1 अक्टूबर को मंदिर में आयोजित है जिसमें प्रातः 9 बजे भगवान का 1008 कलशों से कलशाभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण के बाद सामूहिक भोज के साथ पर्यूषण पर्व का समापन होगा। जैन मिलन समिति द्वारा जैन समाज के समस्त सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि उक्त पर्व में सपरिवार शामिल होकर धर्म लें। उक्ताशय की जानकारी समिति के सचिव नेमिचंद जैन ने दी है।

# सुहागिनों ने रखा हरितालिका तीज का व्रत, पति के दीर्घायु की कामना



**कोरबा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। हरितालिका तीज पर सुहागिनों ने उपवास रखकर अपने पति के दीर्घायु की कामना की। पर्व को लेकर ससुराल से मायके पहुंची सुहागिनों में विशेष उत्साह देखा गया। देर शाम तक महिलाओं ने सफल दांपत्य के लिए शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना कर तीज व्रत कथा का श्रवण किया।

श्रृंगार व पूजा विधान के पश्चात कीर्तन भजन का दौर रात्रि में जारी रहा। तीज पर्व का छत्तीसगढ़ में विशेष महत्व होता है। इस पर्व को पूरी श्रद्धा और परंपरा के साथ से मनाने के लिए महिलाएं अपने ससुराल से मायके पहुंची हैं। जो महिलाएं अपने मायके नहीं पहुंची, उन्होंने ससुराल में ही रहकर उपवास रखा। रविवार की रात 12 बजे के बाद से निर्जला उपवास शुरू किया गया। तीज पर्व पर पूजा में चढ़ाने के लिए विविध प्रकार के व्यंजन बनाए गए। शाम को महिलाओं ने श्रीगणेश व शिव-पार्वती की पूजा आराधना के साथ हरितालिका तीज की कथा का श्रवण समूह में एकत्र होकर मंदिरों में किया। शिव-पार्वती की पूजा कर पति की दीर्घायु और सुखद दाम्पत्य जीवन की मंगल कामना की गई। उपवास व पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने फलाहार व छत्तीसगढ़ी पकवानों के साथ व्रत तोड़ा। देर रात तक महिलाओं द्वारा जागरण कर भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता रहा।

### करेला-भात खाकर शुरू किया उपवास

तीज का व्रत रखने वाली महिलाओं ने रविवार की रात 12 बजे से पहले करेला और भात का सेवन किया। इसके बाद सोमवार को पूरा दिन अन्न, जल, फल कुछ भी ग्रहण नहीं किया। पूजा-अर्चना के पश्चात रात 12 बजे स्नान कर भीमसेन पानी का सेवन कर व्रत तोड़ा। व्रती महिलाओं को उनके पति के द्वारा यथासंभव उपहार भेंट किए गए। इसके साथ ही मायके में पहुंची महिलाओं को मायका पक्ष द्वारा भेंट उपहार प्रदान किए गए। उपवास के दूसरे दिन मंगलवार को चतुर्थी को महिलाएं एक दूसरे को कढ़ी-चावल तीज प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित करेंगी। पर्व में विशेषकर ठेठरी, खुर्मी, कुसली, चौसेला, गुजहा, सोहारी, आएरसा रोटी बनाई गई है। बेटियां जब अपने मायके से वापस ससुराल जाएंगी तब विभिन्न शगुन के साथ विदा किया जाता है।

## सार-संक्षेप

### यातायात नियमों का उल्लघंन,1534 वाहन चालकों पर एमव्हीएक्ट की कार्रवाई

**सूरजपुर** 18 सितंबर (देशबन्धु)। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के इस अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है।पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देशन में यातायात व थाना-चौकी की पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले व्यक्तियों पर लगातार मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की मौजूदगी में विगत 1 से 17 सितम्बर तक जिले के थाना-चौकी की पुलिस संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 1534 वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना लायसेंस, बिना सीटबेल्ड, दो पहिया वाहन में तीन सवारी व बिना दस्तावेज एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर उनके विरूद्व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 4 लाख 66 हजार रूपये का समन शूल्क अर्जित कर शासन के कोष में जमा किया। वहीं 1 मामले में शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन जप्ती की कार्यवाही कर चालान न्यायालय पेश किया गया है। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस के द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईश भी दिया जा रहा है।

### पेंशनर्स समाज ने वरिष्ठ सदस्य राजाराम मिश्रा को दी श्रद्धांजलि

**सूरजपुर** 18 सितंबर (देशबन्धु)। पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक में पेंशनर्स व वरिष्ठजनों की समस्याओं के समाधान हेतु चर्चा की गई एवं लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण कराने प्रयासरत रहने का निर्णय लिया गया।

पेंशनर समाज की मासिक बैठक शुक्रवार को जिलाध्यक्ष द?यानन्द चौबे की अध्यक्षता में बापू कुटिया सुभाष चौक में सम्पन्न हुई,जिसमें संगठन के द्वारा पेंशनर्स वरिष्ठजनों के समस्याओं के समाधान हेतु चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला के अन्तर्गत पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियो से सम्पर्क कर समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला कोषालय में पेंशनरो को परिचय पत्र जारी कराने हेतु चर्चा की जावेगी एवं लंबित सत्वों को शीघ्र निराकरण कराने का प्रयास किया जावेगा। हाल ही मे छग सरकार ने पेंशनर्स को 9त्न महंगाई राहत के साथ 42त्न महंगाई राहत के आदेश माह जुलाई से प्रदान किया गया है किन्तु निर्धारित तिथि से उसका एरियर्स नहीं दिया गया है जिससे पेंशनरों को काफी नुकसान हुआ है, जिसे शीघ्र एरियर्स की राशि जारी किया जाये ।बैठक पश्चात पेंशनर्स समाज के पदाधिकारी राजाराम मिश्र के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसके तिवारी, के एन राय, सी0 एस0 उपाध्याय, रविशंकर मिश्र,जयकृष्ण ओझा, सलीम खान, मोतीलाल गुप्ता, शेख इश्तियाक, प्रवीण तिवारी, हरिश्चन्द्र सोनपाकर हीरामणि पाण्डेय, सी0 बी0 एल0 कुशवाहा, परशराम साई, राधारमण मिश्र, आर के कुशवाहा, श्याम देव ठाकुर,एस0 एन0 भारती जितेन्द्र प्रताप सिंह, रामनरेश दुबे, लोचन प्रसाद गुप्ता, एम0पी मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### 89 लीटर महुआ शराब सहित 23 गिरफ्तार

**सूरजपुर** 18 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर बीते 2 दिन में पुलिस टीम ने अभियान चलाकर शराब बेचने वालों के विरूद्व आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। इस अभियान में थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा 23 प्रकरण में 89 लीटर महुआ शराब जप्त कर 23 लोगों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत हुई है। जिनमें चौकी खड़गवां क्षेत्र के ग्राम धरमपुर के रविकुमार से 10 लीटर, रोहित यादव से 4 लीटर, दुलेराम से 4 लीटर, थाना प्रतापपुर के ग्राम घसियापारा के गुंजा से 4 लीटर, ग्राम करसी के कोमल से 4 लीटर, ग्राम सिलौटा के शिवकुमारी से 3 लीटर, उषा से 3 लीटर, चौकी चेन्द्रा के ग्राम पकनी के प्रतीमा से 3 लीटर, थाना झिलमिली के ग्राम दवनसरा के अजय से 3 लीटर, थाना सूरजपुर के ग्राम पोड़ी के जानकरी से 2 लीटर, प्यारो से 3 लीटर, महुआपारा के मानसी से 2 लीटर, डुमरिया के मनीष से 3 लीटर, चौकी बसदेई के ग्राम उंचडीह निवासी अतिलाल से 2 लीटर, थाना विश्रामपुर के ग्राम गोविन्दपुर के रामप्रताप से 6 लीटर, शिवनंदनपुर के विजय से 8 लीटर, सुदामानगर के देवसाय से 4 लीटर, जयनगर के ग्राम संबलपुर के फलसाय से 2 लीटर, संजयनगर के शंकर से 3 लीटर, कनकपुर के लक्की से 3 लीटर, कृष्णा से 4 लीटर, शंकर से 3 लीटर तथा थाना चांदनी पुलिस ने ग्राम नवाटोला निवासी अमलेन्द्र प्रजापति से 6 लीटर महुआ शराब जप्त किया है। पुलिस के द्वारा इन सभी से 89 लीटर महुआ शराब कीमत 13450 रूपये का जप्त कर इन सभी लोगों के विरूद्व आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल ने कहा कि अवैध शराब के विरूद्व पुलिस का यह अभियान निरतंर जारी रहेगा।

### सीतामढ़ी- हरचौका में राम वन गमन परिपथ का लोकार्पण आज

**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर** 18 सितंबर (देशबन्धु)। जले के सीतामढ़ी-हरचौका में आयोजित समारोह में दोपहर करीब 12 बजे राम वन गमन पर्यटन परिपथ के तहत कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। जानकारी के मुताबिक समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं उपमुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि कोरबा लोक सभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत व बस्तर लोकसभा के सांसद श्री दीपक बैज होंगे। इस मौके पर रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन सीतामढ़ी मन्दिर परिसर-हरचौका में होगा। कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक आयोजन भी है, जिसमे सुप्रसिद्ध व अंचल के लोकप्रिय गायक श्री सुनील मानिकपुरी द्वारा राम भजन सुनाया जाएगा तो बॉलीवुड की गायिका सुश्री तृप्ति साकिया अपनी मधुर आवाज से गीत प्रस्तुत करेंगी। राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत एमसीबी जिले सीतामढ़ी-हरचौका में भगवान श्रीराम जी की प्रतिमा, राम वाटिका, दीप स्तंभ, एलइडी ब्राडिंग, प्रवेश द्वार, एप्रोच रोड, पर्यटक सूचना केन्द्र, कलवर्ट निर्माण, कॉटेज निर्माण, जनसुविधा केन्द्र, ड्रेन, विद्युतीकरण, ओव्हरहेड वॉटर टैंक, स्टेयर्स, सीढ़ी निर्माण, मॉडयूलर शॉपं, सीतामढ़ी- हरचौका का विकास, साइनेजेस, गार्ड रूम का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आदिम जाति कल्याण एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहन मरकाम, छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीगण श्री रविन्द्र चौबे, श्री मोहम्मद अकबर,श्री कवासी लखमा, डॉ. शिवकुमार डहरिया, श्रीमती अनिला भेंड़िया, जयसिंह अग्रवाल, गुरू रूद्रकुमार, उमेश पटेल साथ ही सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व भरतपुर सोनहत के विधायक गुलाब कमरो, मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल, संसदीय सचिव व बैकुण्ठपुर विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, संसदीय सचिव व सामरी विधायक चिंतामणि महाराज, संसदीय सचिव व विधायक श्री विकास उपाध्याय, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. महंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ पर्यटन की उपाध्यक्ष श्रीमती चित्ररेखा साहू, सदस्य निखिल द्विवेदी, नरेश ठाकुर, अंकित बागबाहरा, नयना गवेल, श्रीमती नीति सिंह होंगी।

# जिले में कलेक्टर के मार्गदर्शन में धान खरीदी की तैयारी शुरू

### किसानों को समय-सीमा के भीतर पंजीयन कराने किया जा रहा जागरूक

**अम्बिकापुर** 18 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देश के पालन स्वरूप जिले में कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में खाद्य अधिकारी, डीएमओ, डीएम नान द्वारा राईस मिलों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से धान खरीदी की तैयारी के संबंध में कलेक्टर्स की बैठक में विशेष निर्देश दिए गए। जिसमें गिरदावरी, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसान पंजीयन की प्रगति, बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान उपार्जन के लिए बारदाने की व्यवस्था, खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में चावल उपार्जन की प्रगति, पीडीएस की राशि वसूली की स्थिति, अवैध उत्खनन व परिवहन पर रोकथाम

**अधिकारी कर रहे राइस मिलों का भौतिक सत्यापन**



के संबंध में चर्चा की गई।

इसी कड़ी में त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त राइस मिलर्स की बैठक रखकर खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में चावल उपार्जन की प्रगति की समीक्षा एवं आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में बरदाने की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की जा चुकी है और जिले में निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही भी जारी है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष शासन द्वारा 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जायेगी। साथ ही इस वर्ष से ही बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी शुरू की जा रही है। ऐसे बुजुर्ग किसान जो स्वयं धान उपार्जन केन्द्र में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, तो उनके नामिनी धान उपार्जन केन्द्र में उपस्थित होकर बायोमेट्रिक एथेंटिकेशन के आधार पर धान विक्रय कर सकते हैं। इस सुविधा का लाभ किसानों को पहुंचना सुनिश्चित करने के लिए लगातार कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को जागरूक किया जा रहा है जिससे पंजीयन समय सीमा के भीतर संपन्न हो सके।

# नदी पार करते गहरे पानी में डूबी महिला की मौत

**रायगढ़** 18 सितंबर (देशबन्धु)। नदी पार करते समय गहरे पानी में चले जाने से एक महिला की मौत हो गई। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लक्ष्मी नगर सुकवासू पारा निवासी श्याम बाई 40 साल अपने पति तेजराम यादव के साथ रांझपारा गई हुई थी वहां से वापसी के दौरान दोनों जब ग्राम पंचायत नकना के पास कोरजा नदी को पार कर रहे थे। इसी बीच श्याम बाई पानी के तेज बहाव की वजह से गहरे पानी की तरफ चली गई जहां पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई।



### घटना स्थल पर उमड़ी भीड़

**घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई जिसके बाद धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है।**

### फरियादियों को मिलेगी आवेदन पत्र लिखवाने की सुविधा

**अम्बिकापुर** 18 सितंबर (देशबन्धु)। जनदर्शन में आने वाले फरियादियों की सुविधा के लिए कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देश पर आमजन के आवेदन पत्रों के लेखन कार्य हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर-एसपी जनदर्शन हेतु आमजनों के आवेदन पत्रों का लेखन कार्य के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री डीएस उईके नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन कर्मचारियों को जिला कार्यालय स्थित कंपोजिट बिल्डिंग के ग्राउंड तल के अलग-अलग काउंटर पर कार्य संपादित करने हेतु आदेशित किया है। जो कार्यस्थल पर माह के प्रत्येक मंगलवार को कार्यालयीन समय 10:00 बजे जनदर्शन में आने वाले आवेदक का नाम, पिता का नाम, पता, विषय, मोबाईल नम्बर इत्यादि की प्रविष्टि करने हेतु पंजी सहित अनिवार्यत: उपस्थित होकर नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार कार्यो का संपादन करना सुनिश्चित करेगें। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्य हेतु कृषि विभाग के कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री ईश्वर राज सिंह, भू-अभिलेख विभाग के सहायक ग्रेड-03 श्री प्रज्ञा गुप्ता, आदिवासी विकास विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर श्री राजा रजक तथा कौशल विकास विभाग के डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री विशाल शर्मा की ड्यूटी लगाई गई है।

# जंगली हाथियों ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

**रायगढ़** 18 सितंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है। शनिवार की देर रात जंगली हाथियों के एक दल ने रिहायशी क्षेत्र में पहुंचकर कुछ किसानों की फसलों को जमकर नुकसान पहुंचाया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के के लैलूंगा रेंज के अंगेकेला गांव में पिछले कुछ दिनों से जंगली हाथियों की मौजदूगी देखी जा रही है और इन जंगली हाथियों के द्वारा आये दिन किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। शनिवार की देर रात भी जंगली हाथियों का एक दल लैलूंगा रेंज के अंगेकेला गांव

**क्षेत्र में हाथियों का दल कर रहा विचरण, दहशत में हैं ग्रामीण**



पहुंचे। जहां कुछ किसानों के खेत में पहुंचकर धान की फसल को जमकर नुकसान पहुंचाया। जिससे इस क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है साथ ही साथ क्षेत्र के किसानों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है।

बहरहाल जंगली हाथियों के द्वारा नुकसान किये जाने की जानकारी मिलते ही वन विभाग मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन करते हुए ग्रामीणों से जंगली हाथियों से दूरी बनाये रखने की बात कही जा रही है।

# गांवों में खुले आम चल रहा है खुड़खुड़िया का खेल

**रायगढ़** 18 सितंबर (देशबन्धु)। तमनार थाना क्षेत्र में मेले के नाम पर खुडखुड़िया नामक जुए का खेल जोरों पर चल रहा है।खुड़खुड़िया का खेल एक बार फिर अपने चरम पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में रथ यात्रा के दौरान खुलेआम खेला जाने वाला जुए का यह खेल पुलिस की साख ही नहीं उसके रवैये पर सवालिया निशान है।

उल्लेखनीय है कि पुरी की रथ यात्रा के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में रथ यात्रा का आयोजन शुरू होता है जो एक अर्से तक जारी रहता है। पर इसके बाद भी झूले रथ हो या फिर कोई आयोजन मेला खुड़खुड़िया का खेल आम हो गया है। खुड़खुड़िया एक तरह का जुआ है जो ताश की बजाए अलग तरीके(गोटी ध्टुकनाध्रंगीन पट्टी) जैसे सामग्री के साथ से खेला जाता है। इसमें भी जुए की तरह दांव लगाए जाते हैं और खेलने वाले अपनी किस्मत आजमाते हैं। रथ यात्रा के आयोजन वाले गांव में रात भर यह खेल चलता है जिसमें बड़ी रकम जुए में दांव पर लगती है।इस साल भी रथयात्रा में खुड़खुड़िया का खेल जोर-शोर से चल रहा है।और जुए के बादशाहों को न किसी किस्म का संकोच न कानूनी भय। इससे यह सवाल उठता है कि आखिर पुलिस को क्या गांव-गांव में चल रही इस असामाजिक बुराई की भनक नहीं है। आखिर किसकी सह पर बेखौप बढ़ती जा रही सरेराह जुए का खेल। विदित हो कि पूर्व में थाना द्वारा तड़ित कार्रवाई करते हुए खुडखुडिया जुआ पर रेड कार्यवाही करने में सफल रही ।पर वही दौर जुआडियों ने बेखौफ होकर पुन: जखीरा बना चुकी है अब देखना यह है की अब भी कोई कड़ी कार्यवाही होती है या फिर सरेआम जुआ खेल को संरक्षण मिलता रहेगा।

**खुलेआम चलता है जुआ, पुलिस नहीं करती कार्रवाई**

# जर्जर सड़क मार्ग के चलते कालोनीवासी परेशान, सुनने वाला कोई

**रायगढ़** 18 सितंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिला मुख्यालय से लगा हुआ एक ऐसा कालोनी भी है शहर में जहां रायगढ़-लैलूंगा के चक्कर मे यहां के निवासियों को बीते 10 साल से अधिक समय से कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। ऐसा नही है कि प्रशासन को इसकी जानकारी नही, इस कालोनी के रहवासी एक दो बार नही बल्कि कई बार अपनी समस्या लेकर जिला कलेक्टर के दरबार मे अपनी शिकायत लेकर पहुंच चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन के शिवा कुछ मिला ही नही।

यूं तो रायगढ़ शहर के वार्ड नंबर 47 गोवर्धनपुर मार्ग में स्थित एश्वर्यम कालोनी में लोगों ने एक सपना संजोए अपने खुद के आशियाने में रहने यहां परिवार के साथ पहुंचे थे। उन्हें जरा भी एहसास नहीं था कि उनकी यह सोच सिर्फ एक सपना बनकर रह जायेगी और उनके तकदीर में सिर्फ और सिर्फ समस्या ही आने वाली है। अब इस कालोनी के रहवासी उस पल को कोसते हैं जब उन्होंने यहां परिवार समेत रहने का फैसला किया था।





### विधानसभा क्षेत्र को लेकर असमंजस में नेता

इस कॉलोनी की महिलाओं ने सर्व प्रथम रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक को अवगत कराया, परंतु उन्होंने यह क्षेत्र लैलूंगा विधानसभा में आने की बात कहते हुए बड़ी आसानी से अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर ली। इसके बाद लैलूंगा विधायक के पास भी पहुँचे परंतु उन्होंने ने भी यह क्षेत्र अपने विधानसभा में नही होने की बात कहते हुए कुछ भी मदद कर पाने में असमर्थता जाहिर की।

### गिरकर होते हैं घायल

कालोनी की महिलाओं ने बताया कि वे आज शहर के कई स्कूलों में शिक्षिका के अलावा अन्य जगहों में कार्य करते हैं, प्रतिदिन उन्हें यहां की अत्यंत जर्जर सड़कों से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार ऐसा भी होता है कि जब यहां के गड्डो में गिरकर वे घायल भी हो चुके हैं। साथ ही साथ इस कालोनी के बच्चे भी स्कूल जाते समय गिरकर चोटिल होते रहते हैं बावजूद इसके प्रशासन के द्वारा उनकी समस्याओं को नजर अंदाज किया जाता रहा है।

# स्वच्छता ही सेवा कचरा मुक्त भारत बनाने ग्राम पंचायतों में हुई स्वच्छता लीग

**बलरामपुर** 18 सितंबर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील के निर्देशन में जिले में स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत विकासखण्ड राजपुर एवं कुसमी के ग्राम पंचायतों में स्वच्छता लीग का आयोजन किया गया। स्वच्छता लीग के तहत् फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत




कंचनटोली की टीम विजयी रही।

स्वच्छता लीग में ग्रामीण युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लीग के दौरान युवा खिलाड़ियों ने ग्रामीण दर्शकों को स्वच्छता की महत्व एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। साथ ही स्वच्छता स्वस्थ जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है इसके बारे में जानकारी दी। खिलाड़ियों ने यह भी बताया कि यदि हम अपने जीवन में स्वच्छता को अंगीकार करते हैं तो स्वस्थ जीवन शैली प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी को स्वच्छ दिनचर्या पर केंद्रित होने की आवश्कता है जिसके कारण वह देश का नाम रोशन करता है हमें अपने गांव, गली चौक, चौराहों को स्वच्छ रखने की आवश्यकता है और यह काम सामुदायिक जनभागिता से ही संभव है। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, गांव की चौक-चौराहा को साफ सुथरा रखने, नियमित रूप से शौचालय का उपयोग करते हैं तथा जल स्रोतों को साफ-सुथरा रखते हैं तो हमारा परिवेश पूर्ण रूप से स्वच्छ, सुंदर और समृद्धि जीवन प्राप्त करेगा। प्रत्येक व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना होगा कि घर से निकलने वाला गीला एवं सूखे कचरे का उचित प्रबंध किया जाये। घर से निकलने वाले गंदे पानी का भी हमें सोखता गड्ढा बनाकर उचित निपटान करने की जरूरत है, यदि घर से निकलने वाला पानी बाहर जमा होता है तो विभिन्न बीमारियों को जन्म देता है, ठीक वैसे ही घर से निकलने वाला कचरा यदि सड़कों पर चौक-चौराहों पर एकत्रित होता है तो बीमारियों के प्रादुर्भाव का कारण बनता है। सामुदायिक शौचालयों का रख-रखाव एवं उपयोग सामुदायिक सहभागिता से ही संभव है आज स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत हम सभी यह शपथ लेते हैं कि हम कचरा मुक्त भारत बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

अंत में आयोजन में उपस्थित समस्त खिलाड़ियों, दर्शकों मुख्य अतिथि के द्वारा राष्ट्र को स्वच्छ स्वस्थ एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्माण करने हेतु स्वच्छता शपथ ली। जिला समन्वयक राजेश जैन, कुसमी जनपद पंचायत से विकास विस्तार अधिकारी ललित घरडे, सरपंच श्रीमती सुखमइत मुंडा, सचिव श्रीमती अंजू कुजूर एवं ग्राम पंचायत नीलकंठपुर, कंचनटोली, केदली एवं लवकुशपुर की टीम एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### हरतालिका तीज पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



**सारंगढ** 18 सितंबर (देशबन्धु)। क्षेत्र में हरतालिका तीज पर जहाँ विवाहित महिलाओं ने पति के लम्बी उम्र और सुख समृद्धि के लिए तो वहीं कुंवारी कन्याओं ने सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए हरतालिका तीज का व्रत रखा जिसमें आज सुबह से ही निर्जला व्रत रखा जाता है तथा दुसरे दिन पसहर चावल जिसे कडुवा भात भी कहते को ग्रहण किया जाता है। अलग अलग क्षेत्रों में अलग अलग मान्यता सारंगढ की वे महिलाएं जो रायगढ बिलासपुर अर्थात जिनका मायका बिलासपुर संभाग क्षेत्र में है वे ससुराल में ही रहकर हरतालिका तीज का उपवास रखकर कडवा भात ग्रहण करतीं हैं पर वे महिलाएं जो आरंग से राजनांदगांव अर्थात रायपुर संभाग क्षेत्र जिनका मायका है वे तीजा का उपवास मायके में ही रहकर करतीं हैं व मायके का ही कडुवा भात ग्रहण करतीं हैं।

नाम को लेकर अपभ्रंश :- कुछ लोग हरतालिका तीज को हरितालिका तीज भी कहते हैं चूंकि इस पर्व पर भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की संयुक्त पूजा का विधान है और चूंकि भोलेनाथ का एक नाम हर भी है इसी कारण इसे हरतालिका तीज ही कहना उचित होगा।

### संदीप शर्मा बने अंतरराष्ट्रीय मिलियन डॉलर राउंड टेबल के सदस्य



**सारंगढ़** 18 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम दानसरा के वरिष्ठ पत्रकार संदीप शर्मा ने भारतीय जीवन बीमा में उत्कृष्ट कार्य करने परअंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलियन डॉलर राउंड टेबल की सदस्यता मिलने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उल्लेखनीय होगा कि सारंगढ़ क्षेत्र में 2018 में मिलियन डॉलर राउंड टेबल के सारंगढ़ क्षेत्र के प्रथम सदस्य बनने का मुकाम हासिल किया था। उन्हें पांचवीं बार इसकी सदस्यता मिली है। सोमवार को सारंगढ़ सैटेलाइट शाखा में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सारंगढ़ शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार त्रिवेदी के द्वारा उनके उपलब्धि पर सम्मानित कर अभिनंदन किया गया। इस उपलब्धि के लिए रायगढ़ सीनियर शाखा प्रबंधक ए. बी.मंडल, शाखा प्रबंधक सारंगढ़ प्रदीप कुमार त्रिवेदी, खरसिया शाखा प्रबंधक अजय यादव, एबीएम रायगढ़ पंकज दुबे,दंतेवाड़ा शाखा प्रबंधक देवेंद्र निवजा डोंगरगढ़ शाखा प्रबंधक सतीश बखला, प्रशानिक अधिकारी एन. पी. तिर्की, बी.आर.राठिया, डैप्लपमेंट ऑफिसर एल.पी. देवांगन, दितेश रवानी,देवेश देवांगन, हर्ष शर्मा, मोहसिन खान ने हर्ष जताया है।

### अमानत में खयानत व वाहन चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**खरसिया** 18 सितंबर (देशबन्धु)। थाना खरसिया में ग्राम चपले के उपसरपंच हीरालाल पटेल द्वारा लिखित आवेदन देकर थाना रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके परिचित तरुण कुमार पटेल निवासी टमटेमा का ड्राइवर पूरन चौहान निवासी लेबड़ा थाना भूपदेवपुर बीते अगस्त महीने में एक दिन इसके घर आकर बोला कि ट्रैक्टर पंचर हो गई है, जैक दे दो वापस कर दूंगा। विश्वास में आकर हीरालाल पटेल ने पूरन चौहान



को जैक दे दिया, काफी दिन बाद जैक वापस नहीं करने से हीरालाल ने ड्राइवर के मालिक तरुण पटेल को जैक वापस करने बोला तो तरुण बताया कि उसका ड्रायवर पूरन काम छोड़कर भाग गया है, काफी दिन से खोजबीन कर रहा है नहीं पता चल रहा है। तब हीरालाल पटेल थाना खरसिया में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया, खरसिया पुलिस मामले में अमानत में खयानत (धारा 406 आईपीसी) का अपराध आरोपी पूरन चौहान पर दर्ज कर विवेचना में लिया गया। खरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ द्विवेदी द्वारा तत्काल अपने स्टाफ और मुखबिरों को आरोपी पूरन चौहान की जानकारी लेने निर्देशित किये और आरोपी पूरन चौहान के ठिकाने में दबिश दिया गया। आरोपी के कब्जे से हीरालाल पटेल के ट्रैक्टर का जेक (पीला काला रंग सांबा शिवा 40 टन लिखा कीमती ?5,000) को बरामद कर जप्त किया गया है। कार्यवाही दौरान पुलिस को आरोपी पूरनलाल चौहान के घर पर एक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल लाल रंग क्रमांक सीजी 13 त्र 2557 तथा एक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस काला रंग क्रमांक सीजी 13 श्व 1674 खड़ी मिली जिसके संबंध में पूरनलाल से पूछताछ कर वाहन के कागजात पेश करने को कहने पर पूरन कोई संतोषप्रद जवाद नहीं दे पाया, दोनों मोटरसाइकिल चोरी की होने के पूर्ण अंदेशा पर खरसिया पुलिस द्वारा पृथक से आरोपी पूरन पर धारा 41(1+4) जाफौ/379 भादवि की कार्रवाई कर दोनों वाहनों को जप्त किया गया है। आरोपी पूरन लाल चौहान पिता हुलस राम निवासी लेबडा थाना भूपदेवपुर को खरसिया पुलिस ने अमानत में खयानत के अपराध और वाहन चोरी के अपराध इस्तगासा धारा 41(1+4) जाफौ/379 भादवि में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जब्त मोटरसाइकिल के स्वामियों का पतासाजी किया जा रहा है। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक सौरभ द्विवेदी, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर,आरक्षक विशोप सिंह, प्रदीप तिवारी, सत्यनारायण सिदार की विशेष भूमिका रही है।

# बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह का हुआ समापन

### कृषक संगोष्ठी में किसानो ने जैविक खेती,नवीन कृषि यंत्रों और तकनीकों की ली जानकारी, विधिक संगोष्ठी में नागरिकों को दी गई कानूनी अधिकारों की जानकारी

**जांजगीर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। संविधान निर्मात्री सभा के पूर्णकालिक सदस्य एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर ठा. छेदीलाल की 67 वीं पुण्य स्मृति में दो दिवसीय स्मृति समारोह का शहीद स्मारक परिसर (कचहरी चौक) जांजगीर में आज समापन किया गया। इस अवसर पर आज बैरिस्टर ठा. छेदीलाल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कि गयी साथ ही कृषक संगोष्ठी, विधिक संगोष्ठी, देश भक्ति आधारित आर्केस्ट्रा, कत्थक नृत्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

विधिक संगोष्ठी में अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रमेश पैगवार अधिवक्ता रामायण प्रसाद यादव, त्रिभुवन प्रसाद जांगड़े, एसडीएम जांजगीर ज्ञानेद्र सिंह ठाकुर ने उपस्थित नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। संगोष्ठी में कानूनी सेवा अधिनियम-1987,नालसा योजना 2015, नये विधिक संशोधन, लोक अदालत, विधिक सहायता क्लीनिक ,विभिन्न कानूनों और कल्याण योजनाओं आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर बताया गाया की दिव्यांग, हिरासत में लिए गए व्यक्ति, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के सदस्य, अपादा प्रभावित, थर्ड जेंडर तथा अन्य पात्र नागरिक मुफ्त कानूनी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। निःशुल्क कानूनी सेवाएं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी माननीय न्यायालयों में प्रदान की जाती हैं, ताकि कोई भी आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे।





### मिलेट्स कार्निवल का हुआ आयोजन

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल समारोह के समापन अवसर पर आज कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में जैविक मेला और मिलेट्स कार्निवल का आयोजन हुआ। इस अवसर पर किसानो को नवीन कृषि तकनीको के साथ आधुनिक यंत्रों की जानकारी से अवगत करने, कृषक सम्मेलन में किसानों को कृषि वैज्ञानिकों से फसलों को बीमारियों से बचाने, उत्पादन बढ़ाने की जानकारी भी प्राप्त हुई। कार्यक्रम में जैविक खेती, मिलेट्स उत्पादन करने, मिलेट्स के फायदे को जानने के साथ जिले के किसानों को विभागीय स्टालों में मछली पालन, सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने, कुक्कुट पालन करने की प्रेरणा भी आधुनिक तकनीकों के साथ दी गई। एक ही स्थल पर कई जानकारियां मिलने पर किसानों ने खुशी जताई और इस तरह के आयोजन की खूब सराहना भी की। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मनोरंजन का लाभ उठाने के साथ ही किसानों को यहाँ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिली। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला भगवानदास गढ़ेवाल, सदस्य अनुसूचित जाति आयोग रमेश पैगवार, कृषि उपज मंडी नैला अध्यक्ष ब्यास नारायण कश्यप, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, राज कुमार साहू ,लखनलाल साहू,अध्यक्ष बैरिस्टर अकादमी देवेश सिंह, डॉ परस शर्मा, सतीश सिंह, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य,अजय केशरवानी सहित जनप्रतिनिधी गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पति के दीर्घायु की कामना के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

### त्यौहार का असर बाजार पर भी दिखा,साड़ी की दुकानों से लेकर श्रृंगार सामग्री तथा ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं की भीड़

**जांजगीर**, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। सुहागिन महिलायें आज तीज का निर्जला व्रत अपने पति के साथ सुखद, दीर्घायु दाम्पत्य जीवन के लिए की। कुछ अविवाहित युवतियां भी हरितालिका तीज व्रत की हैं, जो सुंदर सुशील और अच्छे पति की प्राप्ति के लिए इस व्रत को करती हैं। पूरे दिनभर रातभर निर्जला व्रत रखकर आधी रात को भगवान शंकर और माता पार्वती की बालू से निर्मित शिवलिंग बनाकर पूजा की गई।

त्यौहार का असर बाजार पर भी दिखा, तीजा पर्व को लेकर महिलाओं में सजने-संवारने का चलन शुरू से रहा है। इसका इसका सीधा फायदा व्यापार जगत में देखा जा सकता है, साड़ी की दुकानों से लेकर श्रृंगार सामग्री तथा ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं की भीड़ आज भी देखी गई। व्रत के दौरान महिलाएं खरीदारी करने निकली इस वजह से बाजारों में रौनक देखी गई। व्यापारी भी तीज त्यौहार को लेकर नए वैराइटीज के साथ स्टॉक बड़ा कर रखे थे, जिन्हें महंगाई के



#### पति के लंबी उम्र की कामना

इसलिए इस व्रत को सुहागिन माताएं बहनें अपने पति के साथ सुखद, मंगलमय, दीर्घायु दाम्पत्य जीवन के लिए करती है। अविवाहित युवतियां भी हरितालिका तीज व्रत करती हैं,वे सुंदर सुशील और अच्छे पति की प्राप्ति के लिए इस व्रत को करती हैं।

#### भोलेनाथ की मध्य रात्रि में फुलेरा सजाकर पूजा

सुहागन श्रृंगार के लिए पर्री भर कर भगवान भोलेनाथ की मध्य रात्रि में फुलेरा सजाकर पूजा की, इसका तात्पर्य यह है कि माता पार्वती ने जिस प्रकार जंगल में रहकर फूल पत्तों से भगवान भोलेनाथ को सजाकर पूजा की थी, इसलिए आज भी यह परंपरा है घर में फुलेरा सजाकर उस रात्रि को माता बहनें पूजा कीं।

#### निर्जला व्रत रखने की परंपरा!

सनातन धर्म में तीज का खास महत्व माना गया है। वैसे तो एक साल में तीन बार तीज का त्योहार मनाया जाता है, लेकिन भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाने वाली तीज को हरतालिका तीज कहते हैं। हरतालिता तीज भगवान शिव पार्वती को समर्पित है। मान्यता है कि हरतालिका तीज का व्रत रखने से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। आज सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए यह व्रत रखी हैं। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए यह व्रत रखा था। हरतालिका तीज पर निर्जला व्रत रखने की परंपरा है। ज्योतिशियों ने बताया कि भादों महीने के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि के दिन हरितालिका तीज व्रत को किया जाता है। इस व्रत को माता पार्वती ने भगवान भोलेनाथ को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या करके इस व्रत को किया था, इसी दिन भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होकर माता पार्वती को प्राप्त हुए थे।

### अर्थशास्त्र विभाग द्वारा इन्डक्शन कार्यक्रम का आयोजन




**चांपा**, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय एमएमआर पीजी महाविद्यालय चांपा के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा स्नातकोतर अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए इन्डक्शन एवं टू गेदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महानिसाल्म्प के प्राचार्य डॉ. बीडी दीवान ने अपने संबोधन में छात्रों को नियमित रूप से महाविद्यालय आने, अनुशासित रहने, पालकों की आशाओं में खरे उतरने की सीख दी और भूतपूर्व छात्रों को बधाई दी जो महाविद्यालय से जुड़े हुए हैं, नये छात्र उनके अनुभव लाभ लेगे। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बीके डहरिया ने छात्रों से कहा कि वे अपने आपको पहचाने कि वे कौन है। विभाग के प्रमुख डॉ. एसपी भारद्वाज ने विभाग के हो होनहार विद्यार्थी, प्रावीण्य सूची वाले विद्यार्थी, भारत के प्रमुख अर्थशास्त्री, विदेशी के प्रमुख अर्थशात्री, भारतीय मूल के नोबल पुरस्कार प्राप्त अर्थशास्त्री डॉ. अमर्त्यसेन आदि के बारे में ज्ञानवर्धन बातें छात्र को बताई। इस कार्यक्रम में छात्रों का आपस में परिचय नये एवं भुतपूर्व का कराया गया। पुराने छात्रों द्वारा नये छात्र का मार्गदर्शन किया गया, जिससे वे अच्छे नम्बरों से पास होकर अर्थशस्त्र विभाग का नाम रोशन करें। इस कार्यक्रम डॉ. बी.के. डहरिया, डी. व्ही. के. शर्मा, डी. डी. एन. बंजारे, डॉ. बी. आर. महिपाल, डा. सुनीता राठौर ने भी छात्रों को ज्ञानवर्धक मार्गदर्शन किया। अन्त में आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष अर्थशाल डॉ. एस. पी.भारद्वाज के द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम विभाग के संविदा प्राध्यापक कु, पूजा कौशिक के अलावा एम.ए. अर्थशाल के सभी अध्ययन विद्यार्थी एवं भूतपूर्व विद्यार्थी नम्रता तम्बोली, डाली देबांगन, संतोषी देवांगन,भारती कर्ष, रानू जलतारे, सविता वीरवंश, चन्द्र प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

जांजगीर, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के डायरेक्टर आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में गत 14 से 16 सितम्बर तक हिन्दी दिवस के उपलक्षय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करायी गई। जिसके अंतर्गत संस्था के विद्यार्थियों के लिये कक्षावार गतिविधि निर्धारित की गई। जिसमें तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए मेरा आर्दश रोल मॉडल वीरता पुरस्कार विजेता विषय पर कविता लिखने को कहा गया। छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिये स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी विद्रोह की भूमिका विषय पर चित्र कला प्रतियोगिता रखा गया। कक्षा नवमीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों के लिये 1857 के विद्रोह को भारतीय स्वतंत्रता के पहले युद्ध के रूप में चिन्हित करने विषय पर मल्टीमीडिया प्रस्तुत करने को कहा गया। कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के लिये रानी लक्ष्मीबाई मेरे सपने में आई वह चाहती थी कि मै देश की सेवा करू विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें स्कूल के समस्त विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### इंजीनियर्स डे पर सम्मानित हुई वैदेही

**चांपा**, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। अभियंता दिवस के अवसर पर भिलाई के इंजीनियर्स भवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई की बीटेक सीएस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के 5 वे सेमेस्टर में अध्ययनरत वैदेही गुप्ता को उनके प्रेजेंटेशन के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजीव प्रकाश, डायरेक्टर आईआईटी भिलाई छत्तीसगढ़ तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष अनीर्बन दासगुप्ता डायरेक्टर इंचार्ज बीएसपी भिलाई के द्वारा सम्मानित किया गया।

गौरतलब हो कि वैदेही शुरू से ही मेघावी छात्रा रही है और स्पोर्ट्स, कराटे, एन एस एस, कल्चरल प्रोग्राम इत्यादि में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाती रही है। जो कि आईसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज चांपा के डॉयरेक्टर और राष्ट्रीय पत्रकार संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. मूलचन्द गुप्ता और व्याख्याता श्रीमती रेखा गुप्ता की सुपुत्री है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राजीव प्रकाश ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी इंजीनियर्स, विभिन्न कॉलेजों के प्रोफेसर, सस्थान के कर्मचारी, इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सर मोक्षगुणम विश्वेश्वरैया के जयंती पर अभियंता दिवस पर बधाई देते हुए




कहा कि संस्थान के इस आयोजन में सम्मानित इंजीनियर्स और इंजिनियरिंग की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी सभी को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं, और आगे वे इंजिनियरिंग के क्षेत्र में कुछ अच्छा करें और अपने साथ साथ प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी के यू टी डी के डायरेक्टर डॉ. पी. के. घोष सहित संस्थान के सभी प्रोफेसर ने वैदेही गुप्ता को अपनी आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर विभिन्न कॉलेजों के प्रोफेसर, विभिन्न संस्थानों के इंजीनियर्स, इंजिनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी उनके अभिभावक और संस्थान के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खेत में काम करने गए युवक की बिजली गिरने से मौत

### दो महिला भी आई चपेट में

डभरा,, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। बिजली गिरने से खेत में काम करने गए युवक चपेट में आ गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी वही पत्नी एवं महिला झुलस गये। थाना क्षेत्र डभरा के ग्राम शंकरपाली की घटना है जहां आज दोपहर 2 बजे के करीब अपने पत्नी के साथ खेत में काम करने गए युवक लोकनाथ नारंग पिता श्रीपति नारंग उम्र 45 वर्ष तेज बारिश के साथ बिजली गिरने से खेत में युवक की मौत हो गई है और साथ में काम कर रहे पत्नी संभा नारंग एवं खेत में काम करने गई महिला शकुंतला यादव बिजली गिरने के चपेट मे आ गए और झुलस गई। झूलसे हुए दोनों महिलाओं को इलाज के लिए



तत्काल अस्पताल ले जाया गया है जहां दोनों महिलाओ की स्थिति इलाज के बाद सामान्य बताया जा रहा है वही मृतक लोकनाथ नारंग के शव को पुलिस द्वारा पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा भेजा गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### सड़क हादसे में एक छात्र की मौत

**जांजगीर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। सक्ती जिले में शनिवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक नाबालिग की मौत हो गई, वहीं दूसरे की हालत गंभीर है। घायल नाबालिग को इलाज के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, जानकारी के मुताबिक, सक्ती निवासी भूपेश श्रीवास (16 वर्ष) और रौनक अग्रवाल (17 वर्ष) दोनों छात्र ट्यूशन पढ़ने के बाद घूमने के लिए निकले थे। दोनों बाइक से कसेरपारा घूमने गए थे। वापस लौटते समय उनकी बाइक की दूसरे बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर मारने के बाद दोनों छात्र डर गए और तेज रफ्तार से वहां से निकल गए, लेकिन थोड़ी ही दूर जाने पर उनकी बाइक स्लिप हो गई। दोनों छात्र बाइक से नीचे गिर पड़े। लोगों ने तुरंत डायल 112 को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। दोनों नाबालिगों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टर ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर रेफर कर दिया। अपोलो हॉस्पिटल ले जाते समय भूपेश श्रीवास की मौत हो गई। वहीं रौनक का इलाज जारी है, उसकी हालत खतरे से बाहर है। सक्ती थाना प्रभारी विवेक शर्मा ने बताया कि मृत नाबालिग छात्र के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया गया है।

### राज्यस्तरीय फुटबॉल स्पर्धा का हुआ आगाज

**जांजगीर**, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय में जिला फुटबॉल संघ जांजगीर चांपा के द्वारा आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा, अध्यक्षता व्यास कश्यप, विशिष्ठ अतिथि विवेक सिसोदिया, रफीक सिद्धकी, अमर सुल्तानिया, हितेश यादव, प्रिन्स शर्मा, मनोज अग्रवाल कालू, विष्णु यादव, रमेश सोनवानी, सुनील पाण्डेय मयंक परमहंस की उपस्थिति में हुआ। आज के शुभारंभ मैच डब्ल्यू एस सी सरकंडा बिलासपुर विरूद्ध फुटबॉल क्लब पामगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें बिलासपुर की टीम ने पामगढ़ 2-1 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। अन्य मुकाबलों में जांजगीर ने बिलाईगढ़ को 1-0 से और कांकेर कि टीम ने पकरिया को 2-0 से पराजित किया।



**बिलासपुर।** गणेश पूजा आज से। शहर में जगह-जगह भगवान गणेश की मूर्ति विराजेगी, बाजारों में आज प्रतिमा की खरीदारी करने भारी संख्या में लोग उमड़े।

# सज-धज कर तैयार चक्रधर समारोह का मंच

## 38 वें चक्रधर समारोह का शुभारंभ आज से

## उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल होंगे उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि

## तीन दिवसीय समारोह में लोक कला की बिखरेगी छटा

**रायगढ़,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। 38 वें चक्रधर समारोह का आगाज 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के साथ होने जा रहा हैं। कलाकारों के उम्दा प्रस्तुति का गवाह बनने चक्रधर समारोह का मंच सज-धज कर तैयार हो चुका है। यहां तीन दिनों तक नृत्य और संगीत का मनमोहक संगम देखने को मिलेगा।

गौरतलब है कि 19 से 21 सितंबर तक कला और संस्कृति को समर्पित चक्रधर समारोह का नगर निगम ऑडिटोरियम में गरिमापूर्ण आयोजन होने जा रहा है। जिसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल का रंग-रोगन किया गया है। साज-सज्जा के साथ समारोह का मंच अपने अतिथि कलाकारों के स्वागत हेतु आतुर है। मालूम हो कि इस बार का चक्रधर समारोह विशेष होने जा रहा है। स्थानीय कलाकारों की बहुआयामी प्रतिभा से सजे समारोह के साक्षी बनने का मौका दर्शकों को मिलेगा।

कार्यक्रम की तय रूपरेखा के अनुसार 19 सितंबर को शाम 6 बजे से उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में समारोह का शुभारंभ होगा। उद्घाटन के अवसर पर वेदमणि सिंह ठाकुर एवं ग्रुप रायगढ़ गणेश वंदना की प्रस्तुति देंगे। चक्रधर कला एवं संगीत विद्यालय, रायगढ़ द्वारा राज्यगीत (नृत्य के साथ), पं.परितोष पोहनकर द्वारा शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगे। इसी तरह श्रीमती सोमा दास एवं ग्रुप चक्रधर बाल सदन रायगढ़ की बालिकाओं द्वारा





कथक नृत्य की विशेष प्रस्तुति, डॉ.विनोद मिश्र (ख्याल एवं ढुमरी)पर शास्त्रीय गायन, सुश्री आर्या नंदे श्रीधारा द्वारा ओडिसी नृत्य, सुश्री गीतिका ठेठवार द्वारा बांसुरी वादन, सुश्री मधुमिता नकवी द्वारा शास्त्रीय गायन, सुश्री अंजली शर्मा द्वारा कथक नृत्य, प्रफुल्ल सिंह गहलोत द्वारा कथक नृत्य एवं दीपक आचार्य एवं ग्रुप रायगढ़ छत्तीसगढ़ी लोक-संगीत रंग की प्रस्तुति देंगे।

चक्रधर समारोह में 20 सितम्बर को दोपहर 12 से शाम 05 बजे तक ओपी जिंदल स्कूल, तराईमाल द्वारा देशभक्ति, न्यू होराइजन स्कूल रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ द्वारा ईश्वर भक्ति पर सेमी क्लासिकल, विद्या विकास कांसेप्ट स्कूल रायगढ़ द्वारा कृष्ण लीला नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। इसी प्रकार सेंट जेंवियर्स स्कूल रायगढ़ द्वारा राजस्थानी व हरियाणवी, ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली द्वारा शिव तांडव पर कथक एवं भरतनाट्यम, जीजी बोर्डिंग स्कूल धनुवारडेरा द्वारा गुजराती नृत्य, आदर्श ग्राम्य भारती किरोड़ीमल नगर रायगढ़ द्वारा संबलपुरी गीत (केसरी लो) पर रास, सेजेस शासकीय स्कूल तमनार द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, साधुराम विद्या मंदिर रायगढ़ द्वारा दुर्गा एवं काली पर आधारित मराठी नृत्य, कार्मेल हिन्दी माध्यम स्कूल रायगढ़ द्वारा देश भक्ति गीत पर नृत्य की प्रस्तुति देंगे। 20 सितम्बर को शाम 6 बजे से सुश्री आनंदिता तिवारी द्वारा कथक नृत्यए मनोज जायसवाल द्वारा सितार वादन, सुश्री ज्योतिश्री बोहिदार (रायगढ़ घराना) द्वारा कथक नृत्य, गरीब दास महंत रायगढ़ द्वारा तबला वादन, सुश्री नेहा बनर्जी द्वारा कथक नृत्य, सुश्री आरती सिंह द्वारा लोक संगीत (लोकचदा), सुश्री घनिष्ठा दुबे (रायगढ़ घराना) द्वारा कथक नृत्य, मो.रौशन अली रायगढ़ द्वारा देशभक्ति एवं भजन गायन, हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा रायगढ़ द्वारा लोक रंग नाचा, कु.श्रुतिदास रायगढ़ द्वारा ओडिसी नृत्य, मो.अयान द्वारा पियानो वादन एवं सुश्री ऐश्वर्या पंडित गायन की प्रस्तुति देंगी।

इसी प्रकार 21 सितम्बर को दोपहर 12 से 04 बजे तक सुश्री धरित्री सिंह चौहान पुसौर द्वारा कथक, सुश्री शार्वी सिंह परिहार द्वारा कथक, शेखर गिरी एवं ग्रुप द्वारा पंथी नृत्य, विजय शर्मा द्वारा जसगान एवं लोक गायन तथा नृत्य, सुश्री गीतिका वैष्णव द्वारा महिषासुर मर्दिनी/लोकगायन/नृत्य, मनोज तिवारी द्वारा जस जागरण लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुश्री अनंता पाण्डेय द्वारा कथक, ललित यादव द्वारा सुगम संगीत भजन, सुश्री पर्ल मोटवानी द्वारा शास्त्रीय गायन, डॉ.दीपिका सरकार एवं गुप द्वारा भरत नाट्यम, हरे कृष्ण तिवारी द्वार बांसुरी वादन, सुश्री शार्वी केशरवानी द्वारा कथक एवं विजय सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक गीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

21 सितम्बर को शाम 6 बजे से इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा विशिष्ट कार्यक्रम की प्रस्तुतियां होगी। सुश्री तब्बू परबीन (रायगढ़ घराना)द्वारा कथक नृत्य, अनिल तांडी एवं ग्रुप भिलाई द्वारा भरत नाट्यम, सुश्री आशना दिल्लीवार द्वारा कथक नृत्य, इबरार अहमद एवं संजय चौहान रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी भजन/लोकगायन, सुश्री सुहानी स्वर्णकार सारंगढ़ द्वारा कथक नृत्य, डॉ.गौरव कुमार पाठक बिलासपुर द्वारा शास्त्रीय गायन एवं युवराज सिंह आजाद एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा नाटक (इप्टा)की प्रस्तुति देंगे।

# घायल या बीमार वन्य प्राणियों को आसानी से रेस्क्यू कर सकेगा वनअमला

**बिलासपुर**, 18 सिंतबर (देशबन्धु)। ट्रैक्यूलाइजर गन से घायल, बीमार या आतंक मचाने वाले वन्य प्राणियों को कैसे रेस्क्यू करना है। इस कला में पारंगत करने की जवाबदारी कानन पेंडारी जू के पशु चिकित्सक डा. चंदन को दी गई है। वर्तमान में वह कांकेर पहुंचकर कांकेर व जगदलपुर वृत्त के मैदानी को प्रशिक्षण दे रहे हैं।वनकर्मियों के लिए इस तरह का प्रशिक्षण बेहद मायने रखता है। दरअसल जंगल के अंदर हरे- भरे पेड़ों के अलावा वन्य प्राणी भी रहते हैं। वनकर्मियों पर हरियाली के साथ- साथ इन बेजुबानों के सुरक्षा की जिम्मेदारी भी होती है। ड्यूटी के दौरान उन्हें यह भी देखना होता है कि कहीं कोई वन्य प्राणी बीमार या घायल तो नहीं हो गया है। अक्सर यह होता है कि इस स्थिति में देखने के बाद भी वन अमला उनकी नजदीक जाने से घबराता है। वजह यह है कि कहीं वह वनकर्मियों पर हमला न कर दें। इस परिस्थिति में वन्य प्राणी को ट्रैक्यूलाइजर गन से बेहोश किया जाता है और उसे विभागीय रेस्क्यू सेंटर या रेंज कार्यालय में लाकर इलाज किया जाता है। जब वह पूरी तरह स्वस्थ्य हो जाता है, उसके बाद ही उन्हें वापस जंगल में छोड़ दिया जाता है। यदि वह छोड़ने लायक नहीं है, तब उन्हें जंगल सफारी या चिड़ियाघर में छोड़ने का प्राविधान है। यह सारा उपाय वन अमला तभी कर सकता है, जब वह ट्रैक्यूलाइजर गन चलाने में परिपक्व हो। इसी आवश्यकता को देखते हुए वन मुख्यालय से पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। इसकी जवाबदारी कानन पेंडारी वन्य प्राणी चिकित्सक डा. पीके चंदन को सौंपी गई है। वर्तमान में डा. चंदन और जंगल सफारी के राकेश वर्मा दो ही ऐसे चिकित्सक है, जो इस काम में माहिर है। एक रायपुर तो दूसरे बिलासपुर में पदस्थ है। इस वजह ऐसी आवश्यकता पड़ती है तो उन्हें बुलाया जाता है। लेकिन, उनके पहुंचने तक विलंब हो जाता है। इस स्थिति में वन्य प्राणियों की जान को खतरा रहता है। विभाग चाह रहा है कि विभागीय अमला भी इस कार्य में पारंगत हो और विषम परिस्थिति में वे भी रेस्क्यू कर वन्य प्राणियों का उपचार करा सके। डा. चंदन वर्तमान में कांकेर में कांकेर के चार और जगदलपुर के दो वनकर्मियों को ट्रैक्यूलाइजर गन चलाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसमें उन्हें गन को कैसे चलाना है और उसमें बेहोशी की कितनी मात्रा में दवा डालनी है, इसकी जानकारी दे रहे हैं। चार दिन के इस प्रशिक्षण की शुरूआत हो चुकी है। इसके पूरा होते ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले वनकर्मी इस स्थिति में रहेंगे कि बड़ी आसानी से वन्य प्राणियों का रेस्क्यू कर सके।

## गाय व कुत्ते के बेहोश कर दिया ट्रेनिंग

प्रशिक्षण के दौरान उन्हें मौखिक और प्रैक्टिकल दोनों तरह से पारंगत किया जा रहा है। प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के दौरान गाय व कुत्ते पर गन से निशाना लगाकर उन्हें बेहोश करने का तरीका भी बताया गया। डा. चंदन का मानना है कि सभी वनकर्मियों में ट्रैक्यूलाइजन गन चलाने सिखने की ललक है। इसलिए वह बहुत जल्द पारंगत भी हो गए हैं।

## वापसी होश में लाने की प्रक्रिया

प्रशिक्षण के दौरान वनकर्मियों को यह भी बताया जा रहा है कि जब किसी वन्य प्राणी गन से बेहोश किया जाता है तो उसे वापस में होश में लाने के लिए किस तरह की प्रक्रिया अपनाई जाती है। उन्हें एंटीडोट दवा दी जाती है। इसकी मात्रा कितनी होनी चाहिए, उनके द्वारा बताया जा रहा है।

# पंडाल में सो रहे युवक से विवाद कर चाकू से हमला

**बिलासपुर** , 18 सिंतबर (देशबन्धु)। कोटा के ठेंगा चौक में मोहल्ले के युवक ने पंडाल में सो रहे दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल ने घटना की शिकायत कोटा थाने में की है। इस पर पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोटा के ठेंगा चौक में रहने वाले प्रेम कुमार यादव रोजी-मजदूरी करते हैं। मोहल्ले के लोगों के साथ वे गणेश पंडाल बनवा रहे थे। रविवार की रात वे पंडाल में ही सो गए। रात करीब 11 बजे मोहल्ले में रहने वाला शरद यादव वहां आ गया। उसने पंडाल में सो रहे प्रेम पर पानी डालना शुरू कर दिया। उसकी हरकतों से प्रेम और पास में ही सो रहे अजय की नींद खुल गई। दोनों ने उसकी हरकतों का विरोध करते हुए पानी फेंकने से मना किया। इस पर युवक ने गाली-गलौज करते हुए विवाद करते हुए अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया। हमले में प्रेम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घायल ने घटना की शिकायत कोटा थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

***बचाने आए युवक पर भी किया वार***

हमले के दौरान मौके पर मौजूद अजय रजक ने बीच-बचाव की कोशिश की। उसने हमलावर को समझाईश देते हुए पंडाल से जाने के लिए कहा। इस पर हमलावर युवक ने अजय पर भी चाकू से वार कर दिया। बीच-बचाव के दौरान हुए हमले में अजय के हाथ में चोटे आई है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

# धान खरीदी करना है तो सरकार बायोमेंट्रिक्स से खरीदे-धरमलाल

**बिलासपुर**,18 सितंबर(देशबन्धु)द्य भारतीय जनता पार्टी धान खरीदी को लेकर भूपेश सरकार को लगातार घेरने की कोशिश कर रही है लेकिन खुद घिर जा रही है। सोमवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक ने भूपेश सरकार की नियत पर सवाल खड़ा कर दिया है। उनका कहना है कि सरकार बायोमेट्रिक्स से धान खरीदी करना नहीं चाहती। सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर बायोमैट्रिक्स के औचित्य पर सवाल खड़ा किया है। श्री कौशिक का कहना है कि सरकार को पारदर्शी तरीके से धान की खरीदी करना है तो बायोमेट्रिकस से खरीदना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धान का औसत उत्पादन लगभग 14 क्विंटल प्रति एकड़ है जबकि सरकार 20 क्विंटल खरीदने का किसानो को आश्वासन दे दिया है। जब उत्पादन कम है तो ज्यादा धान खरीदेंगे कैसे ? उन्होंने कहा कि सरकार धान खरीदी में करोड़ों का घपला करने वाली है।उन्होंने कहा कि इसके पहले सरकार चावल वितरण में पांच हजार करोड़ रुपए का घोटाला कर चुकी है। जबकि चावल वितरण का काम बेयोमेट्रिक्स से हो रही है। जब उनसे सवाल किया गया की जब चावल का वितरण बेयोमेट्रिक्स से किया जा रहा है तो घोटाला कैसे हो गया ? क्योंकि बायोमेट्रिक्स से तो पारदर्शी काम हो रहा है ? श्री कौशिक इस प्रश्न का स्कारात्मक जवाब नहीं दे सके उन्होंने केवल इतना ही कहा की बायोमेट्रिक्स से चावल का वितरण हो सकता है तो धान की खरीदी भी हो सकती है। सरकार की पारदर्शी तरीके से धान खरीदने की मंशा नहीं है। जबकि उत्तर प्रदेश धान की खरीदी बायोमेट्रिक्स में शुरू हो गई है, जब वहां हो सकता है तो यहां भी हो सकता है।




# तीज पर्व महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

**बिलासपुर**, 18 सितंबर(देशबन्धु)। आज तीजा पर्व पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु की कामना की एवं घरों में शिव पार्वती की पूजा अर्चना की जा रही है। मंदिरों में आज महिलाएं रात्रि जागरण कर भजन कीर्तन भी करेंगी। वहीं दूसरी ओर कल गणेश चतुर्थी के लिए जगह-जगह गणेश पंडाल बनाए जा रहे हैं। आज बाजार में गणेश प्रतिमा तथा पूजा का सामान एवं फूल खरीदने के लिए महिलाओं एवं बच्चों की काफी भीड़ रही। 2200 से लेकर 10 हजार तक के गणेश यहां बिक रहे हैं। आज इमली पारा में सुबह से ही महिला एवं बच्चे गणेश प्रतिमा खरीदने के लिए पहुंचे थे।



वहीं शनिचरी बाजार, गोल बाजार सदर बाजार पुराना बस स्टैंड सरकंडा तोरवा में सजावट का सामान खरीदने तथा मैं आज फुल बाजार काफी रौनक सबसे तीज पर्व के लिएफुलहरा खरीदने के लिए महिलाएं यहां पहुंची है। 2200 से लेकर 1000 तक के फुलेहरा बाजार में बिक रहे हैं। शिव पार्वती की प्रतिमा भी बाजार में बिक रही है। पुराना बस स्टैंड सदर बाजार गोल बाजार, सरकंडा राज किशोर नगर, रेलवे, तिफरा, सिरगिट्टी एवं आसपास में आज बाजार में काफी रौनक रही अधिकांश घरों में गणेश पूजा की तैयारी की जा रही है। आज शाम हरदेवलाल मंदिर गोल बाजार अष्टभुजी मंदिर मसानगंज,शिव मंदिर, नवदुर्गा मंदिर चिगराजपारा तथा बमहर मंदिर समेत अनेक जगहों में आज रात भर महिलाएं शिव पार्वती की पूजा अर्चना करने के बाद रात्रि जागरण कर भजन कीर्तन करेंगी। कल से शहर में जगह-जगह गणेश विराजेंगे। विभिन्न समितियों के द्वारा गणेश प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी की रही है। शहर में सबसे पहले किला बार्ड जूना बिलासपुर में 90 साल पहले गणेश प्रतिमा सार्वजनिक सार्वजनिक से स्थापित की गई थी से आज तक यह परंपरा चली आ रही है। शहर अनेक वार्डों में गली मोहल्ले में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आज विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा विसर्जन की जा रही है। भगवान का वहीं गणेश पूजा की तैयारी भी की जा रही है। गाजेबाजे के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गणेश प्रतिमा लेकर जा रहे हैं। शहर में आकर्षक पंडाल भी बनाए जा रहे हैं विद्युत सजावट भी की जा रही है।

# नंदन विहार कॉलोनी में अधूरी नाली व सड़क

## महापौर यादव से मिले नागरिक, आपस में राशि एकत्र कर ट्रांसफार्मर लगवा रहे

**बिलासपुर**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। मंगला स्थित नंदन विहार कॉलोनी में पानी निकासी की समस्या एवं सड़क निर्माण को पूरा करने की मांग को लेकर आज नंदन विहार समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी महापौर रामशरण यादव से मिलकर वार्ड की समस्याओं का निराकरण करने की मांग रखी है। विधायक शैलेष पाण्डेय को भी आवेदन दिया है।



नंदन विहार समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ आर के गुप्ता ,सचिव डॉक्टर अजय सिंह, गोपाल सिंह ठाकुर, पार्षद सुनीता मानिकपुरी के साथ महापौर रामशरण यादव से मुलाकात की। और महापौर को बताया कि नंदन विहार कॉलोनी में पानी निकासी की समस्या से लोग परेशान हैं। इस कॉलोनी में सड़क का निर्माण कार्य भी अधूरा पड़ा है पूर्व में भी जिला प्रशासन को यहां व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया गया था। बारिश में पानी निकासी की समस्या से अटल आवास शिक्षक कॉलोनी ग्रीन गार्डन कॉलोनी से होते हुए नंदन विहार कॉलोनी काफी प्रभावित है और उसमें तालाब का पानी यहां से होकर जाता है एवं पानी निकासी नहीं होने से जल भराव की स्थिति बनती है एवं संक्रमित बीमारी फैली की आशंका बारिश में बनी हुई है। जिससे कॉलोनी के लोगों में काफी आक्रोश है। नंदन विहार कॉलोनी में अधूरी सड़क का निर्माण कार्य किया गया है जिससे लोगों का आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां पर स्ट्रीट लाइट भी ठीक से नहीं जलती लो वोल्टेज की समस्या से भरोसा दिलाया है। कॉलोनी के लोग परेशान है, तथा यहां बार-बार बिजली गुल होती है। नंदन विहार कल्याण समिति के पदाधिकारी तथा यहां रहने वाले लोगों ने आपस में पैसा एकत्र करके ट्रांसफार्मर लगाने के लिए तैयारी की है और प्रथम किस के रूप में 400000 भी विद्युत वितरण कंपनी में जमा कर दिया गया है। सचिव डॉक्टर अजय सिंह ने बताया कि आज महापौर रामशरण यादव ने यहां पर पानी निकासी की समस्या का तत्काल निराकरण करने तथा सड़क बनाने के लिए भरोसा दिलाया है। महापौर रामशरण यादव ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही वार्ड क्रमांक 14-15 के अंतर्गत दोनों जोन के अधिकारियों को मौके पर जाने के लिए निर्देशित कर पानी निकासी की समस्या का समाधान करने एवं सड़क बनाने के लिए के लिए मांग किया गया है। आज महापौर को ज्ञापन सपना वालों में प्रमुख रूप से अभिजीत सिंह, अभय भोंसले, कृष्ण कुमार जांगड़े, गोपाल सिंह, प्रदीप शर्मा अवधेश अविनाश दीवान, अश्वनी डिक्सेना श्रवण कुमार प्रवीण शर्मा के अलावा काफी संख्या में नंदन विहार आदि उपस्थित रहे।

**NECC**

| 19.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 541 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 5.56 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188